■ कार्तिक शुक्ल - 1 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 110 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 14-11-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं



5 भगत ने जापान पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता

7 मालेगांव के थिएटर में सलमान खान के प्रशंसकों ने चलाए पटाखे



# चुनाव जीतने के लिए 'सोने के महल' का वादा भी कर सकती है कांग्रेस : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बड़वानी (मप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं को कांग्रेस के प्रति आगाह करते हुए कहा कि वह चुनाव जीतने के लिए ''सोने का महल'' बनाने का वादा भी कर सकती है। उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार और कुशासन में लिप्त होने का आरोप लगाया, जिसके परिणामस्वरूप अपराधों खासकर महिलाओं के खिलाफ में वृद्धि हुई और दंगे हुए।

उदयपुर में 2022 में एक दर्जी कन्हैया लाल की हत्या का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, ''क्या हम कल्पना भी कर सकते हैं कि भारत में हम कभी 'सर तन से जुदा' जैसा नारा सुनेंगे? लेकिन 'वीर धरा' राजस्थान में कांग्रेस के कुशासन में यह हुआ है।

कन्हैया लाल (48) की 28 जून, 2022 को उनकी दुकान के अंदर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने दावा किया कि उन्होंने इस्लाम के कथित अपमान का बदला लेने के लिए लाल की हत्या की।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने से दो दिन पहले बड़वानी जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जहां भी कांग्रेस सत्ता में आती है, अपराध दर चरम पर पहुंच जाती है, दंगे आम हो जाते हैं और बहनों और बेटियों पर अत्याचार बढ़ जाते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्य कांग्रेस के सत्ता से हटने के बाद फले-फूले हैं। उन्होंने कहा, ''जहां भी कांग्रेस की सरकार बनी है, यहां तक कि समृद्ध राज्य भी संकट में पड़ गए हैं।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश के किसानों, महिलाओं, युवाओं और राज्य सरकार के कर्मचारियों को कई वादे किए थे, लेकिन पिछले साल वहां चुनाव जीतने के बाद उन सभी को धोखा दिया गया।

कांग्रेस की गारंटी के खिलाफ बोलने वाले

# कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बताया गरीब विरोधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) की राज्य इकाई के अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी पर गरीबों से नफरत करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि मतदाता उनकी (कुमारस्वामी की) पार्टी के साथ-साथ उनकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भी आगामी लोकसभा चुनाव में सबक सिखाएंगे।

सिद्दरामैया ने 'एक्स' पर एक संदेश के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आप गरीब लोगों से नफरत क्यों करते हैं? हमारी गारंटी योजनाओं के बारे में बुरा बोलना आपकी आदत बन गई है, जो गरीब परिवारों के उत्थान के लिए समर्पित हैं। आपके निराधार आरोपों का मतलब गरीब परिवारों के उत्थान का विरोध करना है। आपको अपने विचारों पर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।'' सिद्दरामैया ने कहा कि इन गारंटी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं और इन योजनाओं का लाभ उठाने वालों में भाजपा और जद(एस) के मतदाता भी शामिल हैं। उन्होंने कुमारस्वामी से गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से बात करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये गारंटी योजनाएं मुख्य रूप से राज्य के गरीब लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें कर माफी के तौर पर अमीरों की मदद के लिए नहीं बनाया गया और न ही यह कोई ऋण माफी योजना है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र के खिलाफ नहीं बोलने को लेकर कुमारस्वामी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुमारस्वामी ने केंद्र के खिलाफ बोलने के बजाए गारंटी योजनाओं का विरोध करना अपना मकसद बना लिया है।

सिद्दरामैया ने तंज कसते हुए कहा, 'आप रोजाना मुझ पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। अगर मेरी आलोचना करने से आपको मानसिक शांति मिलती है, तो कृपया जारी रखें।



## सूचना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हितैषियों को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। बालीपद्यमी के उपलक्ष्य में हमारे कार्यालय में 14 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 नवम्बर 2023 को प्रकाशित होगा।

– व्यवस्थापक

## फर्स्ट टेक

### नेपाल सरकार ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल सरकार ने सोमवार को चीन के स्वामित्व वाले सोशल नेटवर्किंग मंच टिकटॉक को यह कहते हुए प्रतिबंधित करने का फैसला किया कि सामाजिक सद्भाव पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। सरकार की प्रवक्ता, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रेखा शर्मा के मुताबिक, सोमवार को मंत्रिमंडल की हुई बैठक में टिकटॉक को प्रतिबंधित करने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि टिकटॉक पर प्रतिबंध का फैसला संचार एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय द्वारा लागू कराया जाएगा। काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के मुताबिक, नेपाल सरकार ने टिकटॉक पर रोक सामाजिक सद्भाव पर इसके नकारात्मक असर के मद्देनजर उठाया है। मंत्रिमंडल की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में फेसबुक, एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर), टिकटॉक और यूट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया मंचों के लिए नेपाल में संपर्क कार्यालय खोलना अनिवार्य करने का फैसला किया गया था।

### तालिबान सरकार कर रही टीटीपी की मदद: पाकिस्तानी राजनयिक

**इस्लामाबाद/भाषा।** देश में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के एक वरिष्ठ राजनयिक ने पहली बार खुले तौर पर आरोप लगाया है कि काबुल में अफगान तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार प्रतिबंधित टीटीपी आतंकवादी समूह को पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसने और विध्वंसक गतिविधियां, नरसंहार करने तथा फिर वापस अफगानिस्तान लौटने की अनुमति दे रही है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का अफगान तालिबान के साथ वैचारिक संबंध है और इसे पाकिस्तान तालिबान के रूप में भी जाना जाता है। इसकी स्थापना 2007 में कई आतंकवादी संगठनों के एक छत्र समूह के रूप में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य पूरे पाकिस्तान में सख्त इस्लामी शासन लाने का है।

# गौतम सिंघानिया ने पत्नी से अलग होने की घोषणा की



**नई दिल्ली/भाषा।** अरबपति गौतम सिंघानिया ने सोमवार को अपनी पत्नी नवाज से अलग होने की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों ने अलग-अलग रास्ते पर चलने का फैसला किया है। सिंघानिया (58) ने 1999 में सॉलिसिटर नादर मोदी की बेटी नवाज मोदी से शादी की थी। वस्त्र एवं परिधान समूह रेमंड लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सिंघानिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यह दीपावली पहले जैसी नहीं होने वाली है। मेरा यह मानना है कि नवाज और मैं यहां से अलग-अलग रास्ते अपनाएंगे। उन्होंने आठ साल के प्रेम संबंध के बाद 1999 में 29 साल की नवाज से शादी की थी। सिंघानिया ने कहा, एक युगल के रूप में 32 साल साथ रहने, माता-पिता के रूप में आगे बढ़ने और हमेशा एक-दूसरे की ताकत बने रहने के दौरान... हमने प्रतिबद्धता, संकल्प और विश्वास के साथ आगे कदम उठाया और साथ ही हमारे जीवन में दो सबसे खूबसूरत चीजें (बच्चे) भी आईं। हालाँकि, उन्होंने पत्नी से अलग होने और दोनों बच्चों के संरक्षण को लेकर कोई विवरण नहीं दिया। सिंघानिया ने लिखा, जैसा कि मैं हाल के दिनों में हुए दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर विचार कर रहा हूं, हमारे जीवन के इर्द-गिर्द बहुत सी बेबुनियाद अफवाह फैलाई गई हैं।

सिलक्यारा सुरंग हादसा

# फंसे हुए मजदूरों को स्टील के पाइप की मदद से बाहर निकाला जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (एनएचआईडीसीएल) ने सोमवार को कहा कि वह उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग के ढहने से उसमें फंसे 40 मज़दूरों को करीब एक मीटर लंबे स्टील पाइप से निकालने की योजना बना रहा है।

ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा और डंडालगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा रविवार तड़के ढह गया जिससे 40 श्रमिक फंस गए। इस सुरंग का निर्माण कर रही कंपनी एनएचआईडीसीएल ने सोमवार को मीडिया को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि सुरंग के अंदर से 'शॉटक्रेटिंग' (कंक्रीट स्प्रे) के साथ मिट्टी को हटाया जा रहा है जबकि 'हाइड्रोलिक जैक' की मदद से 900 मिमी व्यास के स्टील पाइप को अंदर डालने की योजना बनाई जा रही है ताकि सुरंग में फंसे लोगों को निकाला जा सके। कंपनी ने कहा कि राज्य सरकार की मदद से हरिद्वार से स्टील का पाइप लाया जा रहा है। स्टील पाइप को सुरंग में डालने के लिए सिंचाई विभाग के विशेषज्ञों की एक टीम भी मौके पर पहुंच रही है।

# कर्नाटक में विशेष अदालत ने कुमारस्वामी के खिलाफ निजी शिकायत खारिज की



**बेंगलूरु/भाषा।** सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने जनता दल (सेक्युलर) नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.कुमारस्वामी के खिलाफ एक निजी शिकायत खारिज कर दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामा में कुमारस्वामी ने अपनी दूसरी पत्नी राधिका कुमारस्वामी, बेटे निखिल कुमारस्वामी और बेटी शमिका कुमारस्वामी को लेकर गलत जानकारी दी थी।

# सरकार ने नौ मेइती चरमपंथी समूहों, सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर सोमवार को नौ मेइती चरमपंथी समूहों तथा उनके सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया, जो ज्यादातर मणिपुर में सक्रिय हैं। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी, जिसे आम तौर पर पीएलए के नाम से जाना जाता है, और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) शामिल हैं।

# प्रतिबंध के बावजूद जमकर फूटे फटाखे, वायु प्रदूषण बढ़ा

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली को बारिश के कारण वायु प्रदूषण से जो राहत मिली थी वह रविवार की रात दिवाली के अवसर पर कथित तौर पर प्रतिबंध के बावजूद फटाखे फोड़ने से स्वाहा हो गई। दिवाली के बाद सोमवार को दिल्ली की सुबह धुंए की परत के बीच हुई और वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया।

वायु गुणवत्ता निगरानी में विशेषज्ञता रखने वाली स्विस कंपनी 'आईक्यूएयर' के अनुसार, सोमवार को दिल्ली, दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर था, इसके बाद पाकिस्तान के लाहौर और कराची शहरों का स्थान था। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में मुंबई और कोलकाता क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर हैं।

दिल्ली में रविवार को दिवाली के दिन आठ वर्षों में सबसे बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई थी। इस दौरान 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अपराह्न चार बजे 218 दर्ज किया गया था। हालांकि, रविवार देर रात तक आतिशबाजी होने से कम तापमान के बीच प्रदूषण के स्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई।

सोमवार सुबह सात बजे एक्यूआई 275 (खराब श्रेणी) दर्ज किया गया जो शाम चार बजे तक धीरे-धीरे बढ़कर 358 हो गया। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 450 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## दीपावली



सोमवार को धारवाड़ में जेएसएस कॉलेज के छात्रों ने दीपावली मनाई।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 14-11-2023 5:50 बजे | सूर्योदय 15-11-2023 6:18 बजे |
| BSE 64,933.87 (-325.58) | NSE 19,443.55 (-82.00) |
| सोना 6,240 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 71,700 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### इस बार...

घर तो रोशन थे खूब मगर,
भीतर फिर भी अँधियारा था।
खुश तो दिखता था खूब मगर,
मँहगाई का वो मारा था।
ना कोई आया और गया,
वाट्सएप ही एक सहारा था।
दीपक की लौ तो मद्यम थी,
बाजारों में उजियारा था।।

# गाजा के मुख्य अस्पताल के पास भारी लड़ाई जारी, लोग अंदर फंसे

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 11,180 हुआ

**गाजा/वार्ता।** गाजा पट्टी पर सात अक्टूबर से संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 11,180 हो गई है। गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय के निदेशक इस्माइल अल-थवाबतेह ने शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुल मौतों में से 4,609 बच्चे और 3,100 महिलाएं थीं, जबकि 28,000 से अधिक अन्य घायल हुए थे। अल-थवाबतेह ने कहा कि इजरायली हमलों और बिजली जनरेटर संचालित करने के लिए आवश्यक ईंधन की कमी के कारण गाजा में 22 अस्पतालों और 49 स्वास्थ्य केंद्रों ने संचालन बंद कर दिया है। उन्होंने इज़राइल पर गहन देखभाल इकाई, सर्जरी भवन और शिफ़ा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के प्रसूति वार्ड पर हमले शुरू करने का आरोप लगाया और गाजा में लड़ाई को रोकने और यहां के लोगों को ईंधन सहित सभी मानवीय आपूर्ति लाने के लिए तत्काल वैश्विक प्रयास का आह्वान किया। इज़राइल-हमास संघर्ष का नवीनतम दौर 7 अक्टूबर को शुरू हुआ जब हमास ने इज़राइल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**खान यूनिस (गाजा पट्टी)/एपी।** गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल के भीतर से शिशुओं और अन्य लोगों को निकालने में मदद करने के इजराइल के दावों को खारिज करते हुए अस्पताल में फंसे स्वास्थ्य अधिकारियों और अन्य लोगों ने कहा कि अस्पताल के ठीक बाहर इजराइली सेना भीषण लड़ाई लड़ रही है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि बिजली आपूर्ति ठप्प होने और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता घटने से हजारों चिकित्सा कर्मी, मरीज परेशान हो रहे हैं वहीं अस्पताल में शरण लेने वाले विस्थापित गोलीबारी की वजह से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इन अधिकारियों ने कहा कि नवजात शिशुओं के इन्क्यूबेटर भी बिजली के अभाव में काम नहीं कर रहे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संघर्ष-विराम की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील को खारिज कर दिया तथा कहा कि संघर्ष-विराम तभी संभव है, जब गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी 240 लोगों को मुक्त किया जाएगा।

गाजा में हमास के 16 साल के शासन को पूरी ताकत से खत्म करने के इजराइली प्रधानमंत्री के संकल्प के बाद गाजा शहर में रहने वाले स्थानीय लोगों ने शिफा अस्पताल के आसपास के इलाकों समेत विभिन्न इलाकों में रातभर हवाई हमले और गोलीबारी होते रहने की जानकारी दी।

इजराइल ने प्रमाण दिए बिना, हमास पर अस्पताल परिसर के अंदर और नीचे एक कमान पोस्ट बनाने का आरोप लगाया है।

## हिजबुल्ला के हमले में सात इजराइली सैनिक समेत 17 लोग घायल

**यरूशलम/एपी।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला के हमले में रविवार को सात इजराइली सैनिक और 10 अन्य लोग घायल हो गए। इजराइली सेना और बचाव सेवा ने यह जानकारी दी। यह संघर्ष ऐसे समय हुआ जब लेबनान-इजराइल सीमा पर ईरान समर्थित इस संगठन और इजराइली सेना के बीच झड़पें तेज होती जा रही हैं। इससे पश्चिम एशिया में जारी लड़ाई में एक और मोर्चे पर तनातनी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। दक्षिणी लेबनान में पांच नवंबर को हुए इजराइली हवाई हमले के बाद से लेबनान-इजराइल सीमा पर यह हमला सबसे गंभीर घटना है।

# हैदराबाद में आवासीय इमारत में आग लगने से दो परिवारों के नौ सदस्यों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हैदराबाद/भाषा। हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में सोमवार को एक पांच मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने के बाद दम घुटने से दो परिवारों के नौ सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटों के साथ इमारत में फैले धुएं के कारण नौ लोग बेहोश पाए गए और बचाव दल ने उन्हें एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

बचान अभियान में शामिल दमकलकर्मियों ने कहा कि सुबह नौ बजकर 34 मिनट पर अग्निशमन कक्ष को आग लगने की सूचना मिली, दमकल की गाड़ियों को तुरंत क्षेत्र में भेजा गया और आग बुझा दी गई। पुलिस के अनुसार, ज्वलनशील रसायनों से भरे कुछ ड्रम में आग लगने के बाद अपार्टमेंट परिसर के 'स्टिल्ट' क्षेत्र में आग लग गई और यह इमारत के ऊपरी हिस्से की ओर फैल गई। परिसर में भूतल और चार ऊपरी मंजिलें हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पड़ोस में रहने वाले कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का हवाला देते हुए कहा कि इलाके में कुछ बच्चों द्वारा फोड़े गए पटाखों की चिंगारी ड्रमों पर गिरी, जिससे आग लग गई। उन्होंने कहा कि हालांकि सही कारण जांच के बाद पता चलेगा।

तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। राव ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इमारत की विभिन्न मंजिलों पर फंसे कुल 21 लोगों को सीढ़ियों और खिड़कियों से सीढ़ी के माध्यम से बचाया गया।

टीवी फुटेज में दमकल कर्मियों को इमारत की खिड़कियों से बच्चों समेत लोगों को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता था।

अधिकारियों ने कहा कि बचाए गए लोगों के अलावा, 10 लोग बेहोश पाए गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से नौ की मौत हो गई और एक अन्य का इलाज जारी है।

मृतकों में एक ही परिवार के सात सदस्य और एक दूसरे परिवार का एक बुजुर्ग दंपति शामिल हैं। दोनों परिवार इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहते थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र छह से 66 वर्ष के बीच है और इनमें दो लड़कियां और चार महिलाएं शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) एम. वेंकटेश्वरलू ने कहा कि आग तेजी से फैली और इमारत में घना धुआं भी फैल गया। हालांकि पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने कई परिवारों को इमारत से बाहर निकाला। इस घटना में एक कार और कुछ दोपहिया वाहन भी जल गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है।

# भूपेश बघेल महादेव ऐप घोटाले के सरगना : भाजपा

## राज्य को लूटकर भरा गांधी परिवार का खजाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले को लेकर सोमवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल पर हमला बोला और आरोप लगाया कि वह घोटाले के 'सरगना' हैं तथा अपने कार्यकाल के दौरान गांधी परिवार का खजाना भरने के लिए उन्होंने राज्य को लूटा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके (बघेल) खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि भविष्य में कोई भी इस तरह की धोखाधड़ी करने की हिम्मत नहीं करेगा।

छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान हो रहा है। पहले चरण का मतदान सात नवंबर को हुआ, जबकि दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को मतदान होगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में दावा किया था कि उसने पैसे का लेन-देन करने वाले एक व्यक्ति का बयान दर्ज किया है, जिसने आरोप लगाया है कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने बघेल को अब तक 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

कांग्रेस ने आरोप को खारिज करते हुए कहा था कि अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के लिए भाजपा ने 'साजिश' रची है तथा राज्य की जनता इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि बघेल ने घोटाले के जरिए लोगों की गाढ़ी कमाई को लूटकर न केवल अपनी तिजोरियां भरी हैं, बल्कि उन्होंने इसका एक हिस्सा गांधी परिवार के साथ भी साझा किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है।

महादेव ऐप घोटाला मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाटिया ने कहा, यह सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में ढाई साल के कार्यकाल का फॉर्मूला लागू किया जाना था। लेकिन ढाई साल बाद भी भ्रष्ट भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने रहे... ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक धन से गांधी परिवार की तिजोरियां भरने का काम किया।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि बघेल 'भ्रष्टाचार करने में अच्छे थे, इसलिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाए रखा। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा 'हर हर महादेव' कहती है, जबकि भूपेश बघेल कहते हैं 'घर-घर महादेव ऐप'।

भाटिया ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों ने इन चुनावों में 'भ्रष्ट' बघेल को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने बघेल को कथित घोटाले का 'सरगना' बताया और कहा कि जांच एजेंसियां जिस तरह की सख्त कार्रवाई कर रही हैं, लोगों को यकीन है कि 'सरगना' को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, इस पूरे घोटाले के सरगना भूपेश बघेल हैं... आपके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि यह एक उदाहरण होगा। इसके बाद कोई भी इस तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की हिम्मत नहीं करेगा।

# गेल ने दुनिया में पहली बार जहाज से जहाज एलएनजी का हस्तांतरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल ने पोत परिवहन लागत और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए जहाज से दूसरे जहाज में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का हस्तांतरण किया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कारोबार को बढ़ावा देने के लिए अनूठे कदम उठा रही है और यह उसी का हिस्सा है। कंपनी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गेल ने अमेरिका से 58 लाख टन सालाना एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) के ऑर्डर को लेकर अनुबंध किया है। कंपनी इस मात्रा को एलएनजी जहाजों के माध्यम से भारत लाती है। जहाज आमतौर पर अमेरिका के सबाइन दर्रे से स्वेज नहर और जिब्राल्टर के रास्ते भारत तक एलएनजी परिवहन करने के लिए आने-जाने को मिलाकर लगभग 19,554 समुद्री मील की दूरी तय करता है। इस यात्रा में लगभग 54 दिन लगते हैं और लगभग 15,600 टन कार्बन का उत्सर्जन होता है। उत्सर्जन को आमतौर पर नवीनतम तकनीक का उपयोग करके या कार्गो के गंतव्य को बदलकर नियंत्रित किया जाता है। गेल ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए अनूठा कदम उठाया है। इस व्यवस्था के तहत दोनों पक्षों के समुद्री मार्ग के अनुकूल रास्ते को अपनाया जाता है।

अधिकारियों ने कहा कि कंपनी ने हाल ही में किराए पर लिए गए जहाज कैस्टिलो डी सैन्टिस्टेबन ने अमेरिका से एलएनजी का एक जहाज 'लोड' किया। लेकिन बीच रास्ते में, इसने कार्गो को कतर गैस के एक अन्य चार्टर्ड जहाज अल घर्राफा में हस्तांतरित कर दिया। बीच समुद्र में एक जहाज से दूसरे जहाज में एलएनजी हस्तांतरण दुनिया में पहली बार किया गया है।

एक अधिकारी ने कहा, यह एक बड़े पारंपरिक एलएनजी जहाज और क्यू-फ्लेक्स एलएनजी जहाज के बीच दुनिया में पहली बार एलएनजी का हस्तांतरण हुआ है।

# ऑनलाइन खरीदा स्मार्टफोन, पर मिली साबुन की टिकिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ठाणे/भाषा। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन खरीदारी मंच से 46,000 रुपए मूल्य का एक स्मार्टफोन मंगवाया, लेकिन कथित तौर पर उसे दिए गए पार्सल में साबुन की तीन टिकिया मिलीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। भयंदर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित के पार्सल के साथ डिलीवरी के दौरान छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने ऑनलाइन खरीदारी मंच से 46,000 रुपए का आईफोन मंगवाया था। पुलिस ने पीड़ित द्वारा दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि जब उसने पैकेज खोला तब उसे मोबाइल फोन के पैकेट में बर्तन धोने वाले साबुन की तीन टिकियां मिलीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को अज्ञात अपराधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती मामला:

# अदालत ने तीन आरोपियों को ईडी की हिरासत में भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार तीन लोगों को सोमवार को 16 नवंबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने गिरफ्तार लोगों जीशान हैदर, दाऊद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी को केंद्रीय जांच एजेंसी के आवेदन पर ईडी की हिरासत में भेज दिया। आरोपियों के वकील नीतेश राणा ने आवेदन का विरोध किया। आरोपियों ने दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है।

प्राथमिकी के मुताबिक, दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रमुख के रूप में काम करते हुए आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान ने नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध तरीके से 32 लोगों की भर्ती की। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए कहा था कि आरोपियों की 14 दिन की हिरासत मांगने वाली ईडी की अर्जी पर दलील रखने में अधिक समय लगेगा।



# कांग्रेस नेता किसानों को सिर्फ तीन घंटे बिजली देने के पक्ष में : केसीआर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह किसानों को सिर्फ तीन घंटे बिजली आपूर्ति करने के पक्ष में है और उसने मौजूदा सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'धरणी' को खत्म करने की बात की है।

'केसीआर' के नाम से मशहूर राव ने दीपावली के अंतराल के बाद सोमवार को अपना चुनाव प्रचार अभियान फिर शुरू किया। राज्य में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। 'केसीआर' ने कहा कि 2014 में तत्कालीन नए राज्य तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने बिजली और पानी की आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को दूर किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, वे (कांग्रेस नेता) कह रहे हैं कि वे 'धरणी' योजना को बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे, रायथु बंधु' पैसे की बर्बादी है। इससे भी खतरनाक बात यह है कि वे कह रहे हैं कि 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जरूरत नहीं है, तीन घंटे की बिजली आपूर्ति पर्याप्त है तथा केसीआर पैसे बर्बाद कर रहे हैं।

केसीआर ने असवारावपेट और बर्गमपाडु में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई 'धरणी' योजना से किसानों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की सुविधा मिली। उन्होंने कहा, गैर-जिम्मेदार कांग्रेस को किसानों से कोई सहानुभूति नहीं है और वह 'धरणी' को हटाने की बात कर रही है। अगर 'धरणी' को हटा दिया गया, तो आप लोगों को 'रायथु बंधु' के तहत पैसे कैसे मिलेंगे। जब मैं पूछता हूं, तो वे जवाब नहीं दे रहे हैं। 'धरणी' भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली से संबंधित है।

# पुनः भाजपा की सरकार बनी मप्र के लोगों के लिए अयोध्या यात्रा की व्यवस्था करेगी : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भोपाल/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखती है तो उनकी सरकार राज्य के लोगों के लिए अयोध्या में राम मंदिर में 'दर्शन' की व्यवस्था करेगी।

विदिशा जिले की सिरोंज विधानसभा सीट पर एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अपने बेटे-बेटियों के कल्याण के लिए राजनीति में हैं। शाह ने कहा कि जब वह भाजपा अध्यक्ष थे तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी राम मंदिर निर्माण की तारीख पूछते थे। उन्होंने कहा, मैं कह रहा हूं कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने रैली में एकत्र लोगों से पूछा कि क्या वे भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर में पूजा करने के वास्ते अयोध्या जाने के लिए पैसे खर्च करेंगे? उन्होंने कहा इसके लिए पैसे खर्च मत करो। यदि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो वह धीरे-धीरे प्रदेश की जनता के लिए अयोध्या में भगवान राम के दर्शन की व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि यह बात उनकी पार्टी के घोषणा पत्र में भी शामिल है। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं।

विपक्षी कांग्रेस द्वारा घोषित गारंटी के बारे में शाह ने कहा, उन लोगों की क्या गारंटी है जिनके पास अपनी गारंटी नहीं है? उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में मध्य प्रदेश के लिए दो लाख करोड़ रुपए दिए जबकि मोदी सरकार ने नौ वर्षों में मध्य प्रदेश के लिए 6.35 लाख करोड़ रुपए प्रदान किए, इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के तहत पांच लाख करोड़ रुपए भी प्रदान किए गए।

# गलत तरीके से 'पॉलिसी' की बिक्री पर लगाम लगायें बीमा कंपनियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली क्षेत्र की बीमा ओम्बुड्समैन सुनीता शर्मा ने सोमवार को कहा कि बीमा कंपनियों को बीमा पॉलिसी की गलत तरीके से बिक्री पर लगाम लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्राहक ही राजा हैं और ग्राहकों के कारण ही बीमा कंपनियां अस्तित्व में हैं। कंपनियों को उत्पादों की गलत बिक्री से बचना चाहिए।

एलआईसी की पूर्व प्रबंध निदेशक रहीं सुनीता शर्मा ने कहा कि आमतौर पर ग्राहकों को बीमा पॉलिसी देखने और उस पर विचार के लिए जो छूट अवधि होती है, उस समय तक संबंधित कंपनियां उनसे जुड़ी रहती हैं और उसके बाद गायब हो जाती हैं। इसके कारण ग्राहक उसके बाद गलत बिक्री का दावा नहीं कर सकते।

पॉलिसीधारकों को अपने नियमों और शर्तों की समीक्षा करने और स्वीकार्य नहीं होने पर उन्हें वापस करने के लिए पॉलिसी प्राप्त होने की तारीख से कम से कम 15 दिन का समय मिलता है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ली गई पॉलिसी के मामले में यह अवधि 30 दिन है। बीमा लोकपाल जीवन और गैर-जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ लोगों की शिकायतों के निपटान के लिए एक अर्ध-न्यायिक शिकायत निवारण व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यह पाया गया है कि बीमा कंपनियों से पॉलिसी के नियम एवं शर्तों से जुड़ा दस्तावेज (सेल्फ कंटेन्ड नोट) समय पर नहीं आता है।

# आर्थिक संकेतक सकारात्मक रहने से भविष्य में मांग तेज होने की उम्मीद : हीरो मोटोकॉर्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कंपनी को आर्थिक संकेतक सकारात्मक बने रहने से घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की मांग में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी ने हाल ही में यूरोपीय बाजार में उतरने की घोषणा की है। कंपनी अपने बिक्री के बुनियादी ढांचे में सुधार कर रही है और उसका अगले छह माह में कम से कम 100 प्रीमियम खुदरा शोरूम खोलने का लक्ष्य है।

हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने कहा, जहां तक अर्थव्यवस्था का सवाल है, हम वैश्विक भू-राजनीतिक मुद्दों के बारे में जानते हैं। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि मजबूत उपभोक्ता भरोसा सूचकांक के बीच सभी संकेतक सकारात्मक दिशा में हैं।

गुप्ता ने कहा, हालांकि, मानसून कुछ हिस्सों में कमजोर रहा है, लेकिन आप देखें तो रबी की फसल पिछले साल की तुलना में काफी अच्छी रही है। त्योहारी सीजन की शुरुआत बहुत अच्छी रही है और कुल मिलाकर हम आगे बढ़ने के साथ-साथ मांग पक्ष में तेजी देख रहे हैं।

# ई-कॉमर्स, दूरसंचार, बीएफएसआई जैसे क्षेत्रों में नौकरी करना चाहते हैं ज्यादातर नए लोग : सर्वे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। ई-कॉमर्स, दूरसंचार, बीएफएसआई, (बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आदि क्षेत्र आगे बढ़ने का लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करते हैं और बेहतर माहौल प्रदान करने के साथ ही काम और व्यक्तिगत जीवन में अच्छा संतुलन प्रदान करते हैं। एक सर्वे में कहा गया है कि इन कारणों से नए लोग यानी फ्रेशर्स सबसे ज्यादा इन्हीं क्षेत्रों में नौकरी की तलाश करते हैं।

रोजगार और पेशेवर नेटवर्किंग मंच 'अपना.कॉम' के सर्वेक्षण के अनुसार, नई प्रतिभाएं ई-कॉमर्स क्षेत्र में आ रही हैं। इस क्षेत्र में आवेदनों में 22 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है। बीएफएसआई क्षेत्र में 18 प्रतिशत वृद्धि हुई है वहीं दूरसंचार में 13 प्रतिशत तो आईटी क्षेत्र में पांच प्रतिशत वृद्धि हुई है।

इस अध्ययन में 10,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया था। अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, नौकरी की तलाश में सूरत, जयपुर, ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, लखनऊ और कानपुर जैसे दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से आने वाले 10 में से छह लोग ई-कॉमर्स और बीएफएसआई क्षेत्रों पर अपनी नजरें जमा रहे हैं।

करियर वृद्धि के पर्याप्त अवसरों के कारण 10 में से छह नए लोग इन क्षेत्रों की ओर आकर्षित होते हैं। लगभग 34 प्रतिशत स्थापित कंपनियों में स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, जबकि 22 प्रतिशत लोग दिग्गज कंपनियों के लिए काम करने से जुड़ी ब्रांड पहचान और प्रतिष्ठा को चुनते हैं।

इसके अलावा 10 में से आठ लोग अमेजन, फ्लिपकार्ट और रिलायंस जियो जैसी बहुराष्ट्रीय दिग्गज कंपनियों में नौकरी की तलाश कर रहे हैं। ये लोग ब्रांड नाम को प्राथमिकता देते हैं।

# म्यूचुअल फंड में पूंजी प्रवाह दूसरी तिमाही में घटकर 34,765 करोड़ रुपए पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


नई दिल्ली/भाषा। म्यूचुअल फंड के प्रति निवेशकों का आकर्षण कायम है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में इसमें 34,765 करोड़ रुपए का पूंजी प्रवाह आया। हालांकि, पिछली तिमाही में 1.85 लाख करोड़ रुपए के पूंजी प्रवाह के मुकाबले यह काफी कम है। इसका कारण बॉन्ड खंड से पूंजी की निकासी है। मॉर्निंगस्टार इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर संपत्ति वर्ग में जुलाई-सितंबर के दौरान शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह हुआ। केवल निश्चित आय यानी बॉन्ड खंड में शुद्ध रूप से पूंजी निकासी हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आलोच्य तिमाही में कुल मिलाकर पूंजी प्रवाह अच्छा रहा।

जुलाई में शुद्ध रूप से 82,467 करोड़ रुपए का प्रवाह हुआ, जो अगस्त में कम होकर 16,180 करोड़ रुपए रहा। हालांकि, सितंबर में शुद्ध रूप से 63,882 करोड़ रुपए की निकासी हुई।

मॉर्निंगस्टार के अनुसार, पिछले कुछ साल से शुद्ध पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव रहा है। पिछले चार साल में जून तिमाही में पूंजी प्रवाह सर्वाधिक था।

म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) सितंबर में 46.22 लाख करोड़ रुपए रहीं, जो पिछली तिमाही से पांच प्रतिशत अधिक है।



# विजयेंद्रा ने बोम्मई से की मुलाकात, मांगा मार्गदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्रा ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद व सहयोग मांगा। बैठक के बाद, विजयेंद्रा ने कहा कि उन्होंने उनसे मार्गदर्शन मांगा। उन्होंने कहा, बोम्मई खुश थे कि आलाकमान ने अच्छा फैसला लिया और यह भी कहा कि इससे पार्टी को बड़ा बढ़ावा मिला है। विजयेंद्रा ने आगे कहा, 'बोम्मई ने आश्वासन दिया कि सिर्फ वह ही नहीं, सभी वरिष्ठ नेता उनके साथ रहेंगे और लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है।'

विजयेंद्रा ने कहा कि बोम्मई ने पार्टी को मजबूत करने के लिए राज्यव्यापी दौरे करने का भी सुझाव दिया। बोम्मई ने कहा, 'प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्रा मेरे आवास पर आए थे और मुझे दिवाली के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पार्टी संगठन पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि वह अपने कार्यकाल के दौरान पार्टी को मजबूत करें।' विजयेंद्रा पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम.कृष्णा और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा से भी मिलेंगे

# छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

बेलगावी/दक्षिण भारत । जिले के खानपुर इलाके से कॉलेज की छात्रा और उसकी सहेलियों की तस्वीर से कथित तौर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बेंगलूरु में एक निजी कंपनी में काम करने वाला आरोपी कुछ समय से उस लड़की का पीछा कर रहा था जो उसके गृहनगर की ही रहने वाली है। उसने बताया कि आरोपी ने उसके सामने प्रेम प्रस्ताव रखा जिसे उसने ठुकरा दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने उसकी सहेलियों के माध्यम से भी उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह उसके प्रेम प्रस्तावों को अस्वीकार करती रही। पुलिस ने बताया कि 'जब आरोपी इसमें भी असफल रहा तो उसने धमकी दी कि वह इसका बदला लेगा।'

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''बदला लेने और लड़की पर दबाव बनाने के लिए आरोपी ने पीड़िता के सोशल मीडिया अकाउंट से उसकी तस्वीरें लीं और उनमें छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि आरोपी ने इससे पहले भी पीड़िता की दो सहेलियों को धमकाया था। बेलगावी के पुलिस अधीक्षक भीमाशंकर गुलेड ने कहा कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बीवाई विजयेन्द्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा से मुलाकात की। इस मौके पर विधायक कृष्णप्पा, सीके राममूर्ति, सांसद प्रज्वल रेवन्ना मौजूद रहे।

# देवेगौड़ा ने विजयेंद्रा से भ्रम की स्थिति पैदा किए बिना मिलकर चुनाव लड़ने को कहा

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्रा ने सोमवार को कहा कि जनता दल (एस) के संरक्षक एच डी देवेगौड़ा ने उनसे कहा है कि दोनों दलों को भ्रम की स्थिति पैदा किए बिना मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। विजयेंद्रा ने शिष्टाचार मुलाकात के तहत देवेगौड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा तथा बसवराज बोम्मई से मुलाकात की।

भाजपा नेता बी एस येडीयुरप्पा के छोटे बेटे विजयेंद्रा को 10 नवंबर को इस पद पर नियुक्त किया गया था और वह 15 नवंबर को औपचारिक रूप से पदभार संभालेंगे। विजयेंद्रा ने गौड़ा से पद्मनाभ नगर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान विजयेंद्रा ने उनके पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया और उन्हें शॉल, माला तथा गुलदस्ता भेंट किया। जद (एस) सितंबर में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गई थी और कहा था कि दोनों दल जल्द ही कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देंगे।

बाद में, विजयेंद्रा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि गौड़ा खुश थे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी है और उन्हें अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा की तरह राज्य भर का दौरा करना चाहिए।

भाजपा के राज्य प्रमुख ने कहा, उन्होंने (देवेगौड़ा) मुझसे कहा कि किसी भी भ्रम की स्थिति पैदा किये बिना भाजपा और जद (एस) को आगामी लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ना चाहिए, समस्याओं का सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा और उसके सहयोगी ने लोकसभा चुनाव में अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। विजयेंद्रा के अनुसार गौड़ा ने कहा कि अगले साल का चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश के भविष्य से जुड़ा है। गौड़ा (90) ने राजनीति में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को लाने पर भी जोर दिया।

शिकारपुरा सीट से पहली बार विधायक चुने गये विजयेंद्रा के अनुसार, बोम्मई खुश हैं कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने एक बेहतर निर्णय लिया जिससे राज्य की भाजपा इकाई को बड़ा लाभ होगा। विजयेंद्रा ने कहा, उन्होंने (बोम्मई) कहा कि वह हमेशा हमारे साथ रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश के भविष्य को आकार देगा। हमें एकजुट होकर मुकाबला करना होगा।

# बेंगलूरु में एक वाणिज्यिक भवन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । बेंगलूरु में सोमवार तड़के चार मंजिला एक भवन में भीषण आग लग गयी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

बनासवाड़ी रिंग रोड पर स्थित इस इमारत में एक प्रमुख कंपनी की फर्नीचर की दुकान, एक आईटी कंपनी का कार्यालय और एक कोचिंग सेंटर है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत का सारा फर्नीचर और उपकरण जलकर राख हो गए। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने वहां फंसे दो सुरक्षा गार्ड को बचा लिया।

आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस को संदेह है कि यह 'शॉर्ट सर्किट' के कारण लगी। दुकान के सामने लगा ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि इस भवन में आग लगने से सारे फर्नीचर और उपकरण जलकर राख हो गये। सूत्रों ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। इन कर्मियों ने वहां फंसे सुरक्षागार्ड को भी बचाकर बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि आग की वजह का पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।



# उडुप्पी में आग लगने से आठ नौकाएं नष्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। कर्नाटक में उडुपी जिले के गंगोली में नदी के तट पर खड़ी मछली पकड़ने वाली आठ नौकाएं सोमवार को सुबह भीषण आग में जलकर नष्ट हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आग लगने के कारण का तत्काल पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि आग पहले एक नाव में लगी और देखते ही देखते यह पास में खड़ी अन्य नावों तक फैल गई।

सूत्रों ने बताया कि कुंदापुर और बिंदूर से पहुंचे अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि तट रक्षक कर्मियों और पुलिस ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया।

# येडीयुरप्पा एक बार फिर सुर्खियों में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्रा की कर्नाटक प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से यह स्पष्ट हो गया है कि लिंगायत नेता के पास पार्टी में आने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। दक्षिण भारत में भाजपा को पहली बार सत्ता में लाने में येडीयुरप्पा का योगदान अहम था और उन्हें तोहफे के तौर पर मुख्यमंत्री पद दिया गया था। साल 2019 में कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन सरकार के पतन के बाद उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व के साथ समझौते के चलते उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए कहा गया। छह महीने पहले हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी को बड़ा झटका लगा और सत्ता गंवानी पड़ी। भाजपा के आंतरिक सर्वे में पाया गया कि येडीयुरप्पा की नाराजगी का असर जहां पार्टी पर पड़ा है वहीं जनता की राय भी बदली है।



लिंगायत समुदाय के वोट निर्णायक हैं क्योंकि वे कर्नाटक में हमेशा भाजपा के पीछे खड़े रहे हैं, लेकिन पिछले मई में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने लिंगायत बहुल उत्तरी कर्नाटक के बेलगावी, धारवाड़, हुब्बल्ली, विजयपुरा और गदग में अप्रत्याशित जीत हासिल की। राज्य की लगभग 70 विधानसभा सीटों पर लिंगायत समुदाय का दबदबा है और कांग्रेस ने उनमें से 45 से अधिक सीटें जीतीं, जिससे भाजपा की चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय नेतृत्व को डर था कि लिंगायत समुदाय के अलग-थलग होने का असर आगामी लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। पिछले लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीतने वाली बीजेपी ने अब लिंगायत समुदाय को फिर से मजबूत करने के लिए येडीयुरप्पा परिवार को महत्व दिया है।

# फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को लेकर हुए विवाद में युवक की चाकू मार कर हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु ग्रामीण जिले के दोड्डाबल्लापुरा के पास एक ढाबे पर फोटो खिंचवाने के बाद हुए झगड़े के चलते एक समूह ने 18 वर्षीय एक किशोर की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'ढाबे' के प्रवेश द्वार पर एक दीवार है जिस पर खूबसूरत चित्रकारी है। लोग इसकी ओर आकर्षित होते हैं। अक्सर कई लोग फोटो खिंचवाने के लिए वहां आते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को दीपावली पर सूर्या और उसके तीन दोस्त दीवार के सामने अपनी तस्वीरें खींच रहे थे। तभी ढाबे पर दोपहर का भोजन करने के लिए एक अन्य समूह वहां पहुंचा और उनसे अपनी भी तस्वीरें लेने के लिए कहा। अधिकारी ने बताया कि सूर्या और उसके दोस्तों ने शुरू में इनकार कर दिया लेकिन बाद में वे सहमत हो गए। इसके बाद समूह ने सूर्या और उसके दोस्तों से फोटो तुरंत उनके एक व्हाट्सएप नंबर पर भेजने के लिए कहा। लेकिन सूर्या ने उन्हें बताया कि तस्वीरें कैमरे से ली गई हैं इसलिए इन्हें सीधे मोबाइल फोन पर नहीं भेजा जा सकता क्योंकि इन्हें पहले डाउनलोड करना होगा और सिस्टम में डालना होगा।

अधिकारी ने बताया, लेकिन दूसरा समूह इस बात पर अड़ा रहा कि वे तस्वीरें तुरंत उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेज दें। उन्होंने बताया कि इस बात को लेकर दोनों समूहों के बीच विवाद हो गया और एक आरोपी ने तेज धार वाला एक हथियार निकाल कर सूर्या के सीने पर वार कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान दिलीप के तौर हुई है। अधिकारी के अनुसार, घायल सूर्या मौके पर ही गिर गया। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चाकू के घाव के कारण उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी समूह अपनी मोटरसाइकिलों पर वहां से भाग गया। पुलिस अधीक्षक (बेंगलूरु ग्रामीण जिला) मल्लिकार्जुन बालदानी ने कहा घटना के संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित के दोस्तों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। हमने घटना में शामिल पांच आरोपियों में से दो की पहचान कर ली है और बाकी की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।''

# बेंगलूरु में दिवाली समारोह के दौरान 26 लोगों की आंखों में आई चोट



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बेंगलूरु में पटाखे जलाते समय आंखों में चोट लगने से बच्चों समेत कम से कम 26 लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार रात से 22 लोगों को नारायण नेत्रालय में भर्ती कराया गया और चार का मिंटो अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इनमें 12 की आंखों में गंभीर चोटें आई हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान चौबीसों घंटे सुविधा के लिए सरकार द्वारा संचालित विक्टोरिया अस्पताल और मिंटो अस्पतालों में व्यवस्था की गई है और आंखों में चोट लगने वाले मरीजों की देखभाल के लिए डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मिंटो अस्पताल में बच्चों के इलाज के लिए 15 बिस्तरों की क्षमता वाला एक अलग वार्ड स्थापित किया गया है। महिलाओं और युवाओं के लिए दस-दस बेड आरक्षित किए गए हैं। विक्टोरिया अस्पताल ने आंखों के अलावा पटाखे फोड़ते समय जलने से होने वाली चोटों के इलाज के लिए एक अलग वार्ड भी स्थापित किया है।

# एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या, पुलिस ने हत्यारे को पकड़ने के लिए पांच टीमें बनाईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उडुप्पी। उडुप्पी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई, पुलिस ने सोमवार को कहा कि हत्यारे को पकड़ने के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है। उडुप्पी के तृप्ति नगर में रविवार को चौंकाने वाली घटना सामने आई। हत्यारे ने एक महिला, उसकी दो बेटियों और एक बेटे को उनके आवास में सीने और पेट में चाकू मार दिया। टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) रैंक के अधिकारी करेंगे।

पुलिस ने आरोपी के घटनास्थल के पास ऑटो से उतरने और बाइक से गिरने का वीडियो भी हासिल कर लिया है। पुलिस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्यारे ने हसीना (46), उसकी बेटी अफनान (23), अयनाज (21) और बेटे असीम (12) की हत्या कर दी थी। हसीना का पति दुबई में काम करता है। पुलिस ने बताया कि हत्यारे ने नकाब पहन रखा था और घर में घुसकर महिलाओं की हत्या कर दी। असीम बाहर खेल रहा था और जब वह अंदर आया, तो उसकी भी चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

हत्यारे ने हसीना की सास के साथ भी मारपीट की। उसने पड़ोस की एक युवा लड़की को धमकी दी, जिसने शोर मचाने और मदद के लिए आगे आने की कोशिश की थी और उसे भगा दिया था। हत्यारा घर से कोई कीमती सामान नहीं ले गया। मृतक अफनान एयर इंडिया में काम करता था और रविवार को छुट्टी पर घर आया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रदर्शन




गुलबर्गा के सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने फिलिस्तीन के लोगों के समर्थन में सोमवार को कलबुर्गी में डीसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण
(आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार)
दूसरी और तीसरी मंजिल, प्रज्ञा टॉवर, जीआईएफटी सिटी, गांधीनगर, गुजरात

फाइल सं. 73/आईएफएससीए/कंसल्टेंट्स/2020-21 07 नवंबर, 2023

रिक्ति अधिसूचना

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) भारत में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों में वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों को विकसित और विनियमित करने के लिए संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित वैधानिक एकीकृत नियामक निकाय है। प्राधिकरण पात्र भारतीय नागरिकों से युवा पेशेवरों / सलाहकार ग्रेड 1 / सलाहकार ग्रेड 2 / वरिष्ठ सलाहकार की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। पोस्टिंग का स्थान जीआईएफटी सिटी, गांधीनगर, गुजरात है।

2. उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे विस्तृत रिक्ति अधिसूचना के लिए www.ifsca.gov.in देखें। अंतिम तिथि 20.11.2023 शाम 6.00 बजे तक है।

महाप्रबंधक
सामान्य प्रशासन विभाग

cbc 15228/12/0002/2324

# मोटापे से परेशान एमबीबीएस छात्रा ने की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के मंगलूरु शहर में एक एमबीबीएस छात्रा ने छात्रावास की इमारत से कूदकर जान दे दी है। मृतक की पहचान एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा प्रकृति शेट्टी (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि प्रकृति ने सोमवार सुबह एजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास की इमारत से छलांग लगा दी।

शुरुआती जांच के मुताबिक, प्रकृति मोटापे से परेशान थी और इससे उबर नहीं पा रही थी। इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। प्रकृति बेलगावी जिले के अथानी शहर की रहने वाली थी। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें पीड़िता ने दावा किया है कि उसने जिंदगी से तंग आकर यह कदम उठाया है। पुलिस ने कहा कि छात्रा ने अपनी मौत की जिम्मेदारी ली है। उसने सुसाइड नोट में लिखा है, 'मैं अपना एमबीबीएस कोर्स पूरा करना चाहती थी, लेकिन मेरा मोटापा आड़े आ गया। वजन कम करने के मेरे प्रयास व्यर्थ गए और इसने मुझे अवसाद शिकार बना दिया।''

# एएसआई ने कर्नाटक सरकार को नोटिस भेजा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यूनेस्को संरक्षित कर्नाटक के हंपी स्थित विरुपाक्ष मंदिर में एक कील ठोकने के मामले का दोषी मानते हुए कर्नाटक के बंदोबस्ती विभाग को नोटिस भेज दिया है। नोटिस में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो धारा 25 की उप-धारा (1) के तहत जारी अधिसूचना के उल्लंघन में किसी भी पुरावशेष को स्थानांतरित करता है, उसे जुर्माने से दंडित किया जाएगा जो एक लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। अदालत आदेश द्वारा ऐसे किसी भी उल्लंघन के लिए व्यक्ति को दोषी ठहरा सकती है। ऐसे व्यक्ति को प्राचीनता को उस स्थान पर पुनर्स्थापित करना होगा जहां से इसे स्थानांतरित किया गया था। यह जानकारी के लिए और मामले में जरूरी कार्रवाई के लिए है। मामला दो नवंबर को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के मंदिर आगमन का है। एएसआई के अनुसार मुख्यमंत्री की इस यात्रा के दौरान व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर में दक्षिण की ओर से आने वाले और उत्तर की ओर से निकलने वाले भक्तों को नियंत्रित करने के लिए खंभे में कील ठोक दी गई थी।

भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग, मानव अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र (एचएसएफसी)
निर्माण एवं रखरखाव समूह (सीएमजी)
अंतरिक्ष भवन, बेंगलूरु - 560 094, फोन : 080-22172614/2613

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन आइटम दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र स. | कार्य का नाम एवं एनआईटी न. | निविदा की अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने का समय | निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख एवं समय | निविदा खोलने की नियत तारीख एवं समय | अग्रदाय रकम जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एचएसएफसी, इसरो मुख्यालय, बेंगलूरु में व्यवस्थापक सम्मेलन कक्ष का नवीनीकरण। (सिविल कार्य) HSFC/CMG/MM/C/84/2023-24 Dt : 13.11.2023 | ₹. 18.26 लाख | 12 माह | 14.11.2023 को (11.00 बजे) से 27.11.2023 को (23.30 बजे) तक | 28.11.2023 को 23.30 बजे तक | 29.11.2023 को 11.30 बजे तक | ₹. 36,520/- |
| 02 | एचएसएफसी, इसरो मुख्यालय और एटीएफ, मारथाहल्ली, में विद्युत रखरखाव के लिए अवधि अनुबंध। (इलेक्ट्रिकल कार्य) HSFC/CMG/MM/E/87/2023-24 Dt : 13.11.2023 | ₹. 5.78 लाख | 12 माह | | | | ₹. 11,560/- |

निविदा दस्तावेज वेबसाइट : www.tenderwizard.com/ISRO में टेन्डर विजार्ड पर स्वयं को पंजीकृत कर और निविदा प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान कर डाउनलोड किए जा सकते है। वेंडरों के पंजीकरण की प्रक्रिया उपर्युक्त वेबसाइट पर दशाई गई हैं। इच्छुक निविदा प्रतिभागी पात्रता मानदंड के लिए विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देखें और अन्य ब्यौरे के लिए वेबसाइट www.isro.gov.in देखें और www.tenderwizard.com/ISRO से निविदा प्रलेख डाउनलोड करें।

ह/- समूह प्रमुख, निर्माण एवं रखरखाव, एचएसएफसी



# प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह करेंगे चुनावी जनसभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। भाजपा की ओर से स्टार प्रचारकों ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली हैं इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 15 नवंबर को बाड़मेर के बायतु में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं आगामी 18 नवंबर को भरतपुर और नागौर में होने वाली विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह गुरूवार 16 नवंबर को टोंक जिले की देवली विधानसभा और राजसमंद के कुम्भलगढ़ और भीम विधानसभा क्षेत्रों में विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं आगामी 18 नवंबर को बूंदी की हिंडौली विधानसभा और अजमेर जिले की मसूदा विधानसभा और नसीराबाद विधानसभा में होने वाली विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे अजमेर में होने वाले रोड-शो में भी भाग लेंगे।



जैन तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर संसदीय क्षेत्र कोटा में विभिन्न जैन मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

# जैसलमेर में तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। देश में इधर दीपावली और उधर रेतीले धोरों में धमाके गूंज रहे हैं। जैसलमेर में राजस्थान से लगती देश की पश्चिमी सीमा के पास भारतीय सेना के तीनों अंगों का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू हो गया है। इसे 'त्रिशक्ति प्रहार' का नाम दिया गया है। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए भारतीय सेना व नेवी के साथ अभ्यास कर रही है। साथ ही इस अभ्यास की योजना तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण तालमेल के साथ जमीनी व युद्ध पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बनाई गई है। इस अभ्यास में युद्ध की वास्तविक परिस्थितियों का जीवंत अभ्यास भारतीय सेना के तीनों अंगों की ओर से पूर्ण सामंजस्य के साथ किया जा रहा है। इस अभ्यास के दौरान खुफिया व अन्य जानकारी रखने, टोही विमान से लंबी दूरी के हमले, सटीक व उच्च मात्रा के हमलों से दुश्मन को नेस्तनाबूद करने का अभ्यास किया जा रहा है। साथ ही इस युद्धाभ्यास में मुख्य रूप से पुणे स्थित भारतीय वायु सेना की दक्षिणी पश्चिमी कमान की ऑपरेशनल कैपेबिलिटी और रेडिनेस का प्रदर्शन मुख्य रूप से किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह युद्धाभ्यास 25 नवंबर तल चलेगा। इस युद्धाभ्यास में एकीकृत वायु भूमि, संयुक्त हथियार संचालन, तेज गतिशीलता और गहरी स्ट्राइक आक्रामक क्षमताओं जैसी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। सेना के सूत्रों के अनुसार यूक्रेन और रूस के मध्य पिछले लंबे समय से चले आ रहे युद्ध को देखते हुए नई रणनीति बनाने के उद्देश्य से यह अभ्यास किया जा रहा है।

# रोडवेज बस और कार की भिडंत में चार युवकों की मौत

जयपुर। राजस्थान के गंगापुर सिटी जिले के बामनवास थाना क्षेत्र में सोमवार को एक रोडवेज बस और कार की भिड़ंत में कार में सवार चार युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये। सहायक उप निरीक्षक सुरेश चंद ने बताया कि पिपलाई पेट्रोल पंप के पास दौसा से गंगापुर सिटी जा रही राजस्थान रोडवेज की बस और एक कार की भिड़ंत में कार में सवार हरिओम गुर्जर (20), विक्रम गुर्जर (22), मुनिराज गुर्जर (21) और सुरेंद्र गुर्जर (34) की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिये जयपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये हैं और इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में 1,56,000 दीप जले, गहलोत रहे मौजूद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में शनिवार को 1,56,000 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी शामिल हुए। गहलोत ने कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, आज जयपुर में 1 लाख 56 हजार दीये के दीपोत्सव पर उज्वल राजस्थान के संकल्प से दीपक प्रज्वलित किए। इस अवसर जयपुर शहर की विभिन्न सीटों से कांग्रेस के कई प्रत्याशी व अन्य नेता भी मौजूद रहे।

वहीं, राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को दीपावली के पावन पर्व पर शहर में जगह-जगह पर की गयी रोशनी का अवलोकन किया। राजभवन के बयान के अनुसार, मिश्र ने जगह-जगह गाड़ी रुकवाकर करीब डेढ़ घंटे तक शहर में की गयी दिवाली की रोशनी को निहारा।

## मुलाकात



जोधपुर में सोमवार को अपने आवास पर दीपावली मिलन के लिए आ रहे क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों और कार्यकर्ता साथियों से मुलाकात करते केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत।



# राजस्थान को फिर से प्रगति के पथ पर चलाने के लिए डबल इंजन सरकार की जरुरत : दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में जयपुर के विद्याधर नगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी एवं सांसद दिया कुमारी ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए इसे राजस्थान के इतिहास में सबसे भ्रष्ट सरकार बताई और कहा है कि इस कारण कारण प्रदेश पांच साल पिछड़ गया है, अब इसे फिर से प्रगति के पथ पर चलाने के लिए डबल इंजन की सरकार की जरुरत है।

श्रीमती दिया कुमारी दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कार्यक्रम में सोमवार को यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रदेश में प्रचण्ड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। श्रीमती दिया कुमारी का क्षेत्र में इस समय त्योहार की व्यस्तताओं के बीच भी जनसंपर्क अभियान जारी है जिनके माध्यम से वह 'हर घर, हर मतदाता' तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम कर रही हैं। उन्होंने दिवाली स्नेह मिलन समारोह के दौरान क्षेत्र के लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करके राजस्थान में 'सुशासन' वाली सरकार बनाने की अपील की।

उनके जनसंपर्क अभियान में उन्हें क्षेत्र के लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और उनके चुनाव प्रचार के दौरान ख़ासकर महिलाओं में दिया कुमारी को लेकर जोरदार उत्साह नजर आ रहा है। इसके अलावा युवाओं और नए मतदाताओं का भी उन्हें काफी समर्थन मिल रहा है। इसका कारण बताते हुए श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि युवा जहां कांग्रेस के कुशासन से परेशान होकर भाजपा की सरकार बनाना चाहते हैं वहीं नए मतदाता केंद्र की मोदी सरकार के कामकाज से खासे प्रभावित हैं।



# निर्मला एक दिवसीय दौरे पर आज आएंगी जयपुर

जयपुर। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को जयपुर आएंगी। श्रीमती सीतारमण दोपहर करीब 12 बजे जयपुर हवाई अड्डा पहुचेंगी जहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह एक बजे भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती सीतारमण जयपुर के किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी चंद्रमोहन बटवाड़ा के समर्थन में खण्डेलवाल गर्ल्स स्कूल और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रवि नैय्यर के समर्थन में उणियारा होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

# भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण महामहोत्सव धूमधाम से मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में आज दिगम्बर जैन समाज के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण महामहोत्सव धूमधाम, धार्मिक रीति रिवाज और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अजमेर के सुभाष उद्यान स्थित 'महावीर कार्नर' पर श्रीजी के चरणों में मोदक निर्वाण लाडू समर्पण कर सार्वजनिक समारोह उत्साहपूर्वक दिगम्बर जैनाचार्य 108 विवेकसागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। भगवान महावीर को वेदी पर विराजमान कर कार्यक्रम आयोजक श्री सन्मति परिषद सदस्यों की युगल जोड़ी ने जैन पूजा की और तत्पश्चात सामूहिकता के साथ मोदक समर्पित किया गया। 2550वां कल्याणक होने से पूरे समाज में विशेष जोश एवं उत्साह देखा गया।

इस मौके पर विवेकसागर महाराज ने अपने प्रवचनों से समाज का ज्ञानवर्द्धन एवं मार्गदर्शन किया। मौके पर मौजूद उपमहापौर नीरज जैन ने महाराजश्री के कानों में बेहतरी के लिये प्रयास करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में अजमेर उत्तर क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे विधायक वासुदेव देवनानी ( भाजपा ), महेंद्र सिंह रलावता ( कांग्रेस ) तथा ज्ञान सारस्वत ( निर्दलीय) भी मौजूद थे। इस अवसर पर अजमेर के सभी जिनालयों में मोदक समर्पण कार्यक्रम आयोजित हुए। केसरगंज स्थित पार्शवनाथ जैन जैसवाल मंदिर तथा नाका मदार स्थित श्री जिनशासन तीर्थक्षेत्र में भव्य कार्यक्रम हुए।

# चार सीटों पर एक ही परिवार के सदस्य एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में

विधानसभा चुनाव



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में चार सीटों पर बेहद ही दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है जहां एक ही परिवार के चार लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे हैं। यहां एक पति अपनी पत्नी के खिलाफ, जीजा अपनी साली के खिलाफ और भतीजी अपने चाचा के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। सीकर की दांता रामगढ़ सीट से चुनाव लड़ रहीं रीता चौधरी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि 'मैं अपने चुनाव प्रचार अभियान में महिला सशक्तिकरण और पेयजल जैसे मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हूं।'

उन्हें हरियाणा स्थित जननायक जनता पार्टी ने सीकर की दांतारामगढ़ सीट से मैदान में उतारा है। उनके पति वीरेंद्र चौधरी मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं और इसी सीट से उन्हें चुनौती दे रहे हैं। चौधरी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सात बार के विधायक नारायण सिंह के बेटे हैं। परिवार परंपरागत रूप से कांग्रेस के साथ रहा है, लेकिन इसमें राजनीतिक विभाजन तब हुआ जब रीता चौधरी इस साल अगस्त में जेजेपी में शामिल हो गईं और उन्हें जेजेपी की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट पाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं क्योंकि पार्टी ने उनके पति वीरेंद्र को चुना। इसके बाद रीटा ने अपना राजनीतिक आधार मजबूत करना शुरू कर दिया। रीटा ने कहा कि दांता रामगढ में लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चूंकि मैं लोगों के बीच सक्रिय रही हूं, इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं चुनाव में यह सीट जीतूंगी।' धौलपुर विधानसभा सीट पर एक ही परिवार के दो सदस्यों के बीच मुकाबले में दिलचस्पी इस बात से बढ़ गई है कि दोनों नेताओं ने पार्टियां बदल ली हैं।

शोभारानी कुशवाह ने 2018 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस के डॉ शिवचरण कुशवाह को हराकर सीट जीती थी। शिवचरण की भाभी शोभारानी को पिछले साल जून में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर भाजपा ने निष्कासित कर दिया था। इस बार कांग्रेस ने शोभारानी को टिकट दिया है तो भाजपा ने शिवचरण को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते और राजनीतिक मुकाबले पूरी तरह से अलग-अलग पहलू हैं और उनकी अपनी जगह है। इसलिए, चुनावी लड़ाई के दौरान, हम अपने राजनीतिक दलों के उम्मीदवार हैं, न कि 'जीजा' और 'साली'।' शोभारानी ने 2017 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा उपचुनाव जीता था। उनके पति बीएल कुशवाह, जिन्होंने 2013 का विधानसभा चुनाव बसपा उम्मीदवार के रूप में जीता था उन्हें दिसंबर 2016 में एक हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था।

## जनसंपर्क



तारानगर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र राठौड़।

# कांग्रेस के बागियों को रंधावा की चेतावनी, दो दिन में पार्टी में वापस आएं नहीं तो होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

जयपुर/दक्षिण भारत। प्रदेश में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसजनों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने एक और मौका देते हुए पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा जिस अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है। सभी बागी प्रत्याशी चुनाव से रिटायर होने की घोषणा कर कांग्रेस के उक्त अधिकृत प्रत्याशी को समर्थन प्रदान करते हुए पार्टी के पक्ष में प्रचार हेतु शामिल होकर प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। इसी प्रकार रंधावा ने कांग्रेस पार्टी के उन पदाधिकारी व वरिष्ठ नेताओं को भी पत्र जारी कर चेतावनी दी है जो कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का प्रचार एवं समर्थन करने की बजाए किसी अन्य अथवा बागी प्रत्याशी के समर्थन एवं प्रचार में शामिल हो रहे हैं। रंधावा ने चेतावनी दी है कि आगामी दो दिवस में यदि बागी प्रत्याशी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव में समर्थन देते हुए चुनाव से रिटायर नहीं हुए तथा जो कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होंगे उनके विरूद्ध पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सख्त निर्णय लेने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

# डॉ. गर्ग को दिया हुआ एक एक मत विकास की इबारत लिखेगा : विश्वेन्द्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। भरतपुर विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस समर्थित राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार डॉ. सुभाष गर्ग समर्थन में फुलवारा गांव में आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रम में बोलते हुये पर्यटन मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर पुनः डॉ. गर्ग को विजयी बनाना होगा ताकि क्षेत्र के विकास को दुगनी गति मिल सके। फुलवारा गांव में आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रम में महाराजा विश्वेन्द्र सिंह ने साफ कहा कि यदि सरकार पुनः सत्ता में नहीं आती है तो भाजपा वर्तमान में चली रही कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी। जिसका नुकसान सर्वाधिक रूप से गरीब, किसानों , महिलाओं एवं युवाओं को होगा।

उन्होंने कहा कि आरएलडी प्रत्याशी डॉ. गर्ग को दिया हुआ एक एक मत विकास की इबारत लिखेगा और यह इबारत क्षेत्र के विकास को ऊंचाईयों तक पहुंचायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में 2 करोड युवाओं को नौकरी देने और प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपये देने की जो घोषणा की थी वह अभी तक पूरी नहीं हुई। यहां तक केन्द्र सरकार रेल्वे, हवाई अड्डों आदि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का निजीकरण कर रही है जिससे बेरोजगारी और बढेगी। उन्होंने कहा कि सेना में भी अग्निवीर की योजना लाकर युवाओं के साथ छल किया है क्योंकि उन्हें 4 वर्ष बाद नौकरी से वापिस घर भेज दिया जाता है। ऐसी स्थिति में ये युवा पुनः बेरोजगारी की कतार में शामिल हो जाते हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि क्षेत्र में अधिकांश आधारभूत सुविधाऐं उपलब्ध कराने वाले कार्य करा दिये गये हैं शेष कार्यों को आगामी वर्ष में पूरा करा दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि फुलवारा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पशु चिकित्सा उपकेन्द्र, सडकों का निर्माण आदि के कार्य पूरे करा दिये हैं और खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरु हो चुका है। उन्होंने कहा कि महाराजा विश्वेन्द्र के मार्गदर्शन में वे विकास के कार्यों की गति को दुगना किया जायेगा और विद्यालय में आगामी वर्ष बोर्ड का सेंटर स्थापित किया जायेगा।

# गाजा में तबाही का समर्थन करने वाली सरकारों को शर्म आनी चाहिए : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गाजा में इजराइली बमबारी में बड़ी संख्या में बच्चों के मारे जाने की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि इस तबाही का समर्थन करने वाली सरकारों को शर्म करनी चाहिए। गत सात अक्टूबर को इजराइल में हमास के हमले के बाद इजराइली सेना बमबारी कर रही है। इजराइल-हमास युद्ध में 11 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।



प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कितना निंदनीय और अफसोसजनक है... गाजा में 10,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें से लगभग आधे बच्चे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है और अब छोटे बच्चों को ऑक्सीजन की कमी के कारण उनके इन्क्यूबेटर से हटाना पड़ा और उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा, फिर भी, इस नरसंहार का समर्थन करने वालों की अंतरात्मा पर कोई असर नहीं, कोई युद्धविराम नहीं... बस अधिक बम, अधिक हिंसा, अधिक हत्याएं और अधिक पीड़ा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस विनाश का समर्थन करने वाली सरकारों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने यह सवाल भी किया कि कब कहा जाएगा कि बहुत हो चुका?

## गोवर्धन पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास सोमवार को अपने आवास पर गोवर्धन पूजा के अवसर पर गाय की पूजा करते हुए।

# जन समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता के साथ तेजी व गुणवत्ता सुनिश्चित करें : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गोरखपुर/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आम लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषप्रद समाधान सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने यहां गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।



एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अपराध एवं जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद मरीजों के उच्चस्तरीय इलाज के लिए प्रशासन जल्द से जल्द 'एस्टीमेट' (अनुमान) उपलब्ध कराए। उसके बाद सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

# तृणमूल ने महुआ मोइत्रा को दी संगठन की जिम्मेदारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को 2024 के आम चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



विवादों में घिरीं मोइत्रा को यह जिम्मेदारी देकर तृणमूल ने उन्हें समर्थन देने का स्पष्ट संदेश दिया है। लोकसभा की आचार समिति ने पैसे के बदले प्रश्न पूछने से जुड़े मामले में उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश की है।

तृणमूल ने सोमवार को राज्य के 35 संगठनात्मक जिलों के लिए जिला अध्यक्षों की संशोधित सूची जारी की।

मोइत्रा कुछ साल पहले तक कृष्णानगर की जिला अध्यक्ष थीं। कुछ वर्ष पहले संगठन में किए गए फेरबदल में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। अब उन्हें कृष्णानगर (नदिया उत्तर) संगठनात्मक जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मोइत्रा ने इस नियुक्ति के लिए सोशल मीडिया के जरिए पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और पार्टी के प्रति अपना आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह कृष्णानगर के लोगों के लिए पार्टी के साथ हमेशा काम करेंगी।

तृणमूल कांग्रेस ने बीरभूम सहित अन्य जिलों के नेतृत्व में भी बदलाव किया है।

# सरकार और भाजपा युवाओं के सपनों को कुचल रही हैं : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी देश युवाओं के सपनों को कुचल रही हैं।



खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जब प्रधानमंत्री तेलंगाना में (जनसभा में) बोल रहे थे, तो उस समय एक बहुत ही परेशान करने वाला दृश्य सामने आया। एक लड़की देश के सामने मौजूद वास्तविक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ गई। उन्होंने दावा किया, युवा भारत मोदी सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुका है। उन्होंने नौकरियों की आकांक्षा की, लेकिन बदले में उन्हें 45 साल की सबसे ऊंची बेरोजगारी दर मिली। वे आर्थिक सशक्तीकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई दी, जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई है। खरगे ने कहा, युवा सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए उम्मीद कर रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी। सबसे अमीर पांच प्रतिशत भारतीय नागरिकों के पास भारत की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि मध्यम वर्ग और गरीब पीड़ित हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार में महिलाओं, बच्चों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के खिलाफ अपराध कई गुना बढ़ गए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, युवा देश में एकता और सद्भाव चाहते थे, लेकिन उन्हें नफरत और विभाजन मिला। मोदी सरकार और भाजपा भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को कुचल रही है।

# केरल के आर्थिक संकट के लिए फिजूलखर्ची जिम्मेदार है : मुरलीधरन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम/भाषा। केंद्र सरकार ने सोमवार को आरोप लगाया कि केरल के आर्थिक संकट के लिए उसकी (केंद्र की) नीति नहीं बल्कि स्थानीय वाममोर्चा सरकार की 'फिजूलखर्ची और विलासिता' जिम्मेदार है।

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने सवाल किया कि क्या केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन मूर्ख हैं या इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने के लिए मूर्ख बनने का नाटक कर रहे हैं।

मुरलीधरन ने दावा किया कि मुख्यमंत्री और राज्य के वित्त मंत्री के एन बालागोपाल केंद्र द्वारा नहीं दी गई धनराशि के विभिन्न आंकड़ो का हमेशा हवाला देते हैं। उन्होंने कहा, आप केरल के मुख्यमंत्री हैं। या तो आपको मूर्ख नहीं बनना चाहिए या आपको मूर्ख बनने का नाटक नहीं करना चाहिए एवं लोगों को गुमराह नहीं करना चाहिए। केरल के मुख्यमंत्री को देश के कानूनों का ज्ञान होना चाहिए। उन्हें राज्य की वित्तीय दशा का भी पता होना चाहिए।



मुरलीधरन के बयान से एक दिन पहले बालागोपाल ने केंद्र पर केरल एवं अन्य विपक्षी शासित राज्यों के साथ आर्थिक मामलों में भेदभाव का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि केरल इस संबंध में कानूनी उपाय पर विचार करेगी।

बालागोपाल ने रविवार को कोल्लम में पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि भाजपा शासित केंद्र सरकार वित्तीय मामलों में राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ समेत विपक्षी शासित राज्यों के साथ 'बहुत भेदभाव' कर रही है। उन्होंने कहा, उनमें सबसे अधिक भेदभाव केरल के साथ हो रहा है। हम केंद्र की हरकतों के विरूद्ध कानूनी उपायों पर गौर कर रहे हैं।

वाममोर्चा सरकार पर पलटवार करते हुए मुरलीधरन ने दावा किया कि केरल को कल्याणकारी पेंशन में केंद्र के हिस्से समेत जो विभिन्न आवंटन और अनुदान केंद्र से मिलने थे, वे उसे पहले ही दिए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि राज्य वित्तीय संकट में था, तो उसने कल्याणकारी पेंशन की अगली किस्त के लिए अनुरोध क्यों नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से वेतन सुधार के तहत करीब 750 करोड़ रुपए जैसे कुछ अनुदान राज्य प्रशासन के कुप्रबंधन के चलते नहीं दिए गए।

विदेश राज्यमंत्री ने दावा किया कि कुछ मामलों में अनुदान या फंड के अनुरोध समय से नहीं भेजे गए या अनिवार्य दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पूंजीगत निवेश के लिए 1925 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राज्य को नहीं दी गई क्योंकि उसने अनिवार्य अनुपालन रिपोर्ट अबतक जमा नहीं की है। □

उन्होंने दावा किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार राज्य 7000 करोड़ रुपए की कर वसूली नहीं कर पाया।

बालागोपाल ने दावा किया था कि कर संग्रहण राज्य में प्रभावी तरीके से की जा रही है।

मुरलीधरन ने कहा कि हर बार जब कोई कथित फिजूलखर्ची और विलासिता व्यय एवं भारी खर्च से केरलीयम समारोह के आयोजन को लेकर प्रश्न उठाता है ते वाममोर्चा उसके लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराता है। उन्होंने कहा, यदि राज्य अपनी फिजूलखर्ची बंद कर देता है और उपयुक्त वित्तीय प्रबंधन करता है तो केरल की आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

# राहुल ने मप्र को देश की 'भ्रष्टाचार राजधानी' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गोरखपुर/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आम लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषप्रद समाधान सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने यहां गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।



एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अपराध एवं जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर पुलिस अधिकारियों को अपराधियों और भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद मरीजों के उच्चस्तरीय इलाज के लिए प्रशासन जल्द से जल्द 'एस्टीमेट' (अनुमान) उपलब्ध कराए। उसके बाद सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## गंभीर ने रोहित की प्रशंसा की, कहा

# अच्छा कप्तान अपने खिलाड़ियों को सुरक्षा प्रदान करता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा के कप्तानी कौशल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि एक अच्छा कप्तान टीम के अपने साथियों को सुरक्षा प्रदान करता है और दाएं हाथ का यह बल्लेबाज वर्षों से ऐसा कर रहा है। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने रिकॉर्ड पांच बार आईपीएल के खिताब जीते। इसके अलावा मुंबई इंडियंस ने 2013 में उनकी अगुवाई में चैंपियंस लीग टी20 टूर्नामेंट भी जीता था।

मौजूदा विश्व कप में रोहित ने अभी तक बल्लेबाज और कप्तान के रूप में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। भारत ने लीग चरण के सभी नौ मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां बुधवार को उसका सामना न्यूजीलैंड से होगा।





गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''एक अच्छा कप्तान आपको सुरक्षा प्रदान करता है जिससे ड्रेसिंग रूम सिर्फ उसके लिए ही नहीं बल्कि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी सुरक्षित स्थान बन जाता है। और रोहित शर्मा ने ऐसा किया है। उन्होंने कहा, ''यही वजह है कि रोहित ने पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं। यही कारण है कि जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करनी शुरू की तो जीत का उनका आंकड़ा शानदार रहा। अगर आप आंकड़ों और ट्रॉफी की बात करें तो उन्होंने हर क्षेत्र में सफलता हासिल की है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने ड्रेसिंग रूम को बेहद सहज बना दिया है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पावरप्ले में रोहित का आक्रमक रवैया पसंद है। उन्होंने कहा, ''रोहित ने टीम को तेजतर्रार शुरुआत देने का प्रयास किया है। आपने देखा होगा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ाने के साथ विकेट धीमा होता गया। ऐसे में शुरुआती पावरप्ले में विपक्षी टीम पर दबाव बनाना वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण बन जाता है।



# तृणमूल कांग्रेस के नेता की गोली मारकर हत्या

## समर्थकों ने कथित हमलावर को पीट-पीटकर मार डाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जॉयनगर (प. बंगाल)/भाषा। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जॉयनगर इलाके में सोमवार को सुबह तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद भीड़ ने एक कथित हमलावर को पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि जॉयनगर में बामुंगाची इलाके के तृणमूल कांग्रेस क्षेत्र अध्यक्ष सैफुद्दीन लस्कर (47) की कुछ बदमाशों ने उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह सुबह की नमाज के लिए बाहर गए थे। उसने बताया कि गोली लगने के बाद लस्कर को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद लस्कर के समर्थकों ने कथित हमलावरों में से एक को पकड़ लिया और पीट-पीटकर उसे मार डाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक अन्य कथित हमलावर को बचा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। लस्कर की पत्नी पंचायत प्रधान हैं। घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थानीय विधायक विश्वनाथ दास ने दावा किया कि हत्या के पीछे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित गुंडों का हाथ है।

# भगत ने जापान पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टोक्यो में हाल में संपन्न हुलिक दाइहात्सु जापान पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के एसएल3 एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भगत ने रविवार को हुए फाइनल में हमवतन मनोज सरकार को 38 मिनट में 21-16 21-19 से हराया।

मिश्रित युगल में भगत और मनीषा रामदास को यैंग जियानयुआन और यैंग क्यू शिया की चीन की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि सुकांत कदम को एकल एसएल4 वर्ग के सेमीफाइनल में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन के खिलाफ शिकस्त के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।



इसी वर्ग के सेमीफाइनल में हार के बाद भारत के तरुण को भी कांस्य पदक मिला।

नेहल गुप्ता और नवीन शिवकुमार ने पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 वर्ग में दीप रंजन बिसोयी और मनोज सरकार की हमवतन जोड़ी को फाइनल में 21-19 18-21 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

मनीषा जोशी ने महिला एसएल3 वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि हार्दिक मक्कड़ और आर रघुपति ने पुरुष युगल एसयू5 वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

तुलसीमैती मुरुगेसन ने महिला एसयू5 वर्ग में रजत जबकि मनीषा रामदास ने कांस्य पदक जीता।

मानसी जोशी और तुलसीमैती की जोड़ी ने भी महिला युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

# शादी का झांसा देकर पांच माह तक बलात्कार, गिरफ्तार

बलिया (उप्र)/भाषा। बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में 19 वर्षीया एक युवती के साथ कथित रूप से शादी का झांसा देकर पांच माह तक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीया एक युवती की तहरीर पर रविवार को मधुबनी गांव के रवींद्र कुमार पासवान (27) के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की बलात्कार के आरोप की धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि रवींद्र ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ पांच माह तक बलात्कार किया और इस दौरान वह उसे चार माह तक जयपुर में रखे रहा।

## सुविचार

पानी मे तस्वीर कहाँ बनती है, ख्वाबों से तकदीर कहाँ बनती है, कोई भी रिश्ता हो ज़िन्दगी में सच्चे दिल से निभाओ, क्योंकि ये ज़िन्दगी वापस किसे मिलती है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ज्ञान, धन और शक्ति

हर साल की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सुरक्षा बलों के साथ दीपावली मनाई। हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में जवानों के साथ दीपावली मनाते हुए मोदी के संबोधन के गहरे मायने हैं। सरहद पर दुश्मन की हरकतों पर कड़ी नजर रखते हुए और विकट मौसमी व भौगोलिक परिस्थितियों से जूझने वाले जवान जब दीपावली पर प्रधानमंत्री को अपने बीच पाते हैं तो उनमें खुशी व उत्साह का नया संचार हो जाता है। वहीं, यह चीन व पाकिस्तान जैसी उन ताकतों को भी कड़ा संदेश है, जो भारत की शांति व प्रगति को बर्दाश्त नहीं कर पातीं। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद दीपावली के अवसर पर सियाचिन, गुरेज सेक्टर, राजौरी, लोंगेवाला, नौशेरा, कारगिल, हर्षिल समेत जिन स्थानों का दौरा किया और जवानों से मिले, उससे एक बहुत सकारात्मक संदेश जाता है। दीपावली, होली, क्रिसमस, ईद ... जैसे खास दिन भी अपने घर-परिवार से दूर ये जवान सीमा पर इसलिए तैनात रहते हैं, ताकि उनके देशवासी बिना किसी बाधा के त्योहार मना सकें। जब प्रधानमंत्री अपने देश के जवानों से मिलने जाते हैं तो इससे उन सबका हौसला बढ़ जाता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद दीपावली के दिन जब सेना की वर्दी पहनकर जवानों को संबोधित किया तो विपक्ष की ओर से कुछ सवाल भी उठाए गए, लेकिन ज्यादातर देशवासियों ने प्रधानमंत्री के इस फैसले को सराहा। किसी भी देश की समृद्धि व शांति का सीधा संबंध उसके सुरक्षा बलों से होता है। अगर सुरक्षा बलों का मनोबल मजबूत होगा, जवान खुश व उत्साहित रहेंगे तो उन शत्रुओं का डटकर सामना करने में अधिक समर्थ होंगे, जो देश की प्रगति में बाधाएं डालते रहते हैं।

**हमारे पर्व-त्योहार हमें ज्ञान व धन से समृद्ध होने के साथ ही शक्ति की आराधना करने और शक्ति-संपन्न होने की भी शिक्षा देते हैं।**

प्रधानमंत्री के ऐसे दौरे को चीन और पाकिस्तान की एजेंसियां बहुत गौर से देखती हैं। चूंकि प्रधानमंत्री के भाषण में इन देशों के लिए एक तरह से ललकार भी छिपी होती है, इसलिए उनके एक-एक शब्द का विश्लेषण किया जाता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि दीपावली का त्योहार सिर्फ लक्ष्मी की आराधना तक सीमित नहीं है। इसका आरंभ तो नवरात्र में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के पूजन से ही हो जाता है। फिर, दशहरे पर रावण दहन भी यह संदेश देता है कि सत्य की रक्षा करनी है तो शक्ति-संपन्न बनना होगा। दीपावली पूजन के लिए 'लक्ष्मीजी का पाना' देखें तो उसमें भी कम से कम एक शस्त्र (गणपति के हाथ में) के दर्शन जरूर होंगे। देश के लिए बुद्धि, ज्ञान और धन के साथ 'सही हाथों' में शस्त्र होना चाहिए। अगर शस्त्र नहीं होगा या सही हाथों में नहीं होगा तो न ज्ञान के केंद्र सुरक्षित रहेंगे और न धन रहेगा। इतिहास में कुछ ऐसा ही होते हम देख चुके हैं, जब ज्ञान व धन से समृद्ध होने के बावजूद हमें विदेशी आक्रांताओं के अधीन रहना पड़ा। हमारे पर्व-त्योहार हमें ज्ञान व धन से समृद्ध होने के साथ ही शक्ति की आराधना करने और शक्ति-संपन्न होने की भी शिक्षा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इन शब्दों का सार भी यही है- 'आज दुनिया में जिस तरह के हालात हैं, उनमें भारत से अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे अहम समय में यह बहुत जरूरी है कि भारत की सीमाएं सुरक्षित रहें, देश में शांति का वातावरण बना रहे। इसमें आपकी बहुत बड़ी भूमिका है। भारत तब तक सुरक्षित है, जब तक इसकी सीमाओं पर आप हिमालय की तरह अटल और अडिग मेरे जांबाज साथी खड़े हैं। आपकी सेवा के कारण ही भारत भूमि सुरक्षित है और समृद्धि के मार्ग पर प्रशस्त भी है।'

## ट्वीटर टॉक



पिछले कुछ वर्षों से अलग-अलग योजनाओं के तहत कोई घर, कोई मुफ्त इलाज, कोई गैस तो कोई लोन का मुफ्त उपहार पाकर दिवाली मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की हर योजना है उपहार, देश मना रहा है त्योहार।

**-वसुंधरा राजे**



मेरा संकल्प है – बड़े-बुजुर्गों, माताओं-बहनों, किसानों और युवाओं के सपने पूरे हो, तारानगर विधानसभा पूरे प्रदेश में नंबर 1 बनकर तारों की तरह चमके। आज तारानगर विधानसभा के गांव रांघेडी, डाबड़ी छोटी और लुडनिया में जनसंपर्क करके क्षेत्रवासियों से विजय का आशीर्वाद मांगा।

**-राजेन्द्र राठौड़**



मध्यप्रदेश की महिलाओं को इगझ गुमराह करने की कोशिश कर रही है। एक तरफ़ पूरे प्रदेश में होर्डिंग लगाकर वह राज्य की महिलाओं को 3000 रुपए देने का वादा कर रही है। दूसरी तरफ़ उनके घोषणा पत्र में ऐसी किसी भी योजना का ज़िक्र नहीं है।

**-जयराम रमेश**

## प्रेरक प्रसंग

# असमानता का सौंदर्य


कन्फ्यूशियस अपने जीवन में शिष्यों के साथ अक्सर लंबी यात्राओं पर निकलते रहे हैं। साथ में उनके शिष्य रहते थे और वे उनके साथ जीवन के गहन अनुभवों पर चर्चा किया करते थे। सही मायनों में वे इस तरह उन्हें जीवन के यथार्थ बोध से अवगत भी कराते थे। रास्ते में एक गांव से गुजरते हुए उन्होंने वहां के एक बुद्धिमान बालक के बारे में खूब सुना था। उन्होंने बालक से मिलने की सोची। कन्फ्यूशियस को वार्तालाप में उस बालक ने प्रभावित किया। उन्होंने उस बालक से पूछा, 'विश्व में मनुष्यों के बीच बहुत तरह की असमानताएं हैं। कई तरह के भेदभाव हैं। उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है?' बालक ने उत्तर दिया, 'ऐसा करने की आवश्यकता क्यों है? यदि हम पर्वतों को तोड़कर उन्हें समतल कर देंगे तो ऋतुचक्र प्रभावित होगा। उस इलाके के पर्यावरण पर असर होगा। कई तरह के जीव-जंतुओं का आश्रय समाप्त हो जाएगा। अनेक तरह की वनस्पतियां खत्म हो जाएंगी। फिर नदियां कैसे निकलेंगी? फिर मछलियां कैसे जीवित रहेंगी? विश्व इतना विशाल और विस्तृत है कि ये असमानताएं ही उसे पूर्णता प्रदान करती हैं। असमानता ही तो समानता के सौंदर्य का बोध कराती हैं।

## सामयिक

# मासूम और चमकती आँखों का बचपन बदहाल क्यों?

**ललित गर्ग**

**मोबाइल : 9811051133**



बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। हर साल 14 नवंबर को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। भारत के अलावा बाल दिवस दुनिया भर में अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि 'पंडित नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में चुना गया। पंडित नेहरू बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। नेहरू ने बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देखा। उनका कहना था कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न बाल दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। महान विचारक कोलरिज के ये शब्द-पीड़ा भरा होगा यह विश्व बच्चों के बिना और कितना अमानवीय होगा यह वृद्धों के बिना?' वर्तमान संदर्भ में आधुनिक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन शैली पर यह एक ऐसी टिप्पणी है जिसमें बचपन की उपेक्षा को एक अभिशाप के रूप में चित्रित किया गया है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर हमें क्या लेना है' या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे।

किसी भी राष्ट्र का भावी विकास और निर्माण वर्तमान पीढ़ी के मनुष्यों पर उतना अवलम्बित नहीं है जितना कि आने वाली कल की नई पीढ़ी पर। अर्थात आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रुझान व अभिरुचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि बालक नैतिक रूप से जिसे सही समझेगा, आने वाले कल के समाज में उन्हीं गुणों की भरमार का होना लाजिमी है। ऐसी स्थितियों में हम बचपन को शिक्षा की ओर अग्रसर न करके उनसे बंधुआ मजदूरी कराते हैं, इन स्थितियों का उन पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है, और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं?

कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं।

बचपन को लेकर सरकार और समाज का नजरिया कितना विडम्बनापूर्ण है, इसे हमें समझना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1979 में बाल मजदूरी के खिलाफ एक प्रस्ताव पास किया, जिसे ध्यान में रखते हुए 1986 में भारत सरकार ने बाल श्रम निषेध एवं विनियम कानून का रूप दिया। इस कानून को गुरुपाद स्वामी समिति की सिफारिशों पर 14 अगस्त 1987 को मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई। इस नीति का उद्देश्य बच्चों को रोजगार से हटाकर उनका समुचित रूप से पुनर्वास कराना था, इस कानून के मुताबिक 5 से 14 साल के बच्चे काम नहीं करेंगे और यदि करते हुए पाए गए तो काम कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान बनाया गया। साथ ही 64 ऐसे क्षेत्र निर्धारित किए गए थे जो बच्चों के काम करने के लिहाज से खतरनाक थे जैसे सिल्क बुनाई, कांच, बीड़ी, कारपैट बुनाई, कोयले की खान आदि। संशोधित बिल में परिवार के कारोबार, एंटरटेनमैंट और स्पोटर्स एक्टिविटी जैसे सैक्टर छोड़कर बाकी सभी सैक्टरों में बालश्रम को प्रतिबंधित किया गया है लेकिन घरेलू रोजगार के नाम पर उनसे कैसा भी काम लिया जा सकता है। इस बिल के साथ ही बहुत सारे एन.जी.ओ. ने इस बिल की बारीकियों पर ध्यान देना शुरू किया।

बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड फंड, केयर इंडिया, तलाश एसोसिएशन, चाइल्ड राइटस और ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर आदि संस्थाओं ने बाल श्रम खत्म करने की दिशा में इस बिल की कमियों को उजागर करते हुए संदेह जताया है कि इसके लागू होने पर बच्चों के बचपन और शिक्षा के अधिकार का हनन होगा क्योंकि अगर वे घर पर ही पारिवारिक व्यवसाय के नाम पर मजदूरी करेंगे तो पढने-लिखने, खेलने-कूदने कब जाएंगे।

क्या यह उनके लिए समुचित शिक्षा का प्रबंध न कर सकने की अयोग्यता को छिपाना नहीं है? नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अपना विरोध व्यक्त किया है। चाइल्ड राइट ट्रस्ट की ओर से डाक्टर आर. पदमिनी का कहना है कि बिल में जो भी संशोधन किए गए हैं उसने बच्चों के शोषण और दुरुपयोग के लिए अनौपचारिक रूप से दरवाजे खोल दिए हैं। पर क्या इसी आधार पर उनसे उनका बचपन छीनना और पढने-लिखने की उम्र को काम की भट्टी में झोंक देना उचित है? ऐसे बच्चे अपनी उम्र और समझ से कहीं अधिक जोखिम भरे काम करने लगते हैं। वहीं कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इतना ही नहीं, लगभग 1.2 लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें काम करने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है।

इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं। सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं। अतः शिक्षा पद्धति भी ऐसी ही होनी चाहिए। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और भटकते राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। ऐसा करके ही हम बाल दिवस को मनाने की सार्थकता हासिल कर सकेंगे।

## विशेष

# भाई बहन के प्यार का प्रतीक है भाई दूज


**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**

हिंदू धर्म में कार्तिक मास का महीना त्योहारों से भरपूर रहता है। त्योहारों की श्रंखला में दिवाली पर्वों का समापन भाई दूज के दिन होता है। इस बार भाई दूज का त्योहार दो दिन यानी 14 और 15 नवंबर को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल द्वितीया तिथि की शुरुआत 14 नवंबर 2023 को दोपहर 2 बजकर 36 से शुरू हो रही है। इसका समापन 15 नवंबर 2023 को दोपहर एक बजकर 47 पर होगा। पंचांग के अनुसार भाई दूज की पूजा का समय 14 नवंबर 2023 को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से दोपहर 3 बजकर 19 मिनट तक है। इस दिन भाई दूज पर शोभन योग भी बन रहा है, जिसे शुभ फलदायी माना गया है। उदया तिथि के अनुसार भाई दूज का पर्व 15 नवंबर 2023 को मनाया जाएगा। इस दिन भाई को टीका करने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 45 मिनट से दोपहर 12 बजकर 5 मिनट तक है। भाई दूज का त्योहार भाई-बहन के रिश्ते को समर्पित होता है। भाईदूज एक ऐसा पर्व है जो भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। भाई दूज पर बहने अपने भाईयों को तिलक लगाती हैं। फिर भाई की आरती उतार कर उनकी लंबी उम्र की कामना करती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर यमुना जी ने यमराज को अपने घर पर टीका किया था और भोजन कराया था। इसी पूजा के बाद से ही यमराज को सुख-समृद्धि की प्राप्ति हुई और तभी से भाई दूज का पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है।

यह त्योहार देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने की विधि हर जगह एक जैसी नहीं है। उत्तर भारत में जहां यह चलन है कि इस दिन बहनें भाई को अक्षत और तिलक लगाकर नारियल देती हैं वहीं पूर्वी भारत में बहनें शंखनाद के बाद भाई को तिलक लगाती हैं और भेंट स्वरूप कुछ उपहार देती हैं। इस दिन भाई बहनों से मिलने उनके घर जाते हैं और बहने भी भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना करती है। उनकी आरती उतारती हैं। वहीं, भाई भी बहनों के प्रति प्यार दिखाते हुए उन्हें उपहार देते हैं।

धार्मिक कथा के अनुसार सूर्य देवता की पत्नी का नाम संज्ञा था तथा इनकी दो संताने थी। इनके पुत्र का नाम यमराज तथा पुत्री का नाम यमुना। यमदेव बहन यमुना से अलग रहते थे, लेकिन मिलने के लिए आते रहते थेद्य जब यम देव ने यमपुरी नगरी का निर्माण किया तो उनकी बहन यमुना भी उनके



साथ रहने लगी। भाई यम के द्वारा यमपुरी में पापियों को दंड देते देख यमुना काफी दुखी होती थी। इसलिए वह यमपुरी का छोड़कर गो लोक में रहने चली गयी। कुछ समय बाद जब यमराज स्वयं गोलोक गए, तब उनकी भेट यमुना जी से हुई।

## विशेष

# गायों की पूजा का पर्व है गोवर्धन

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**मोबाइल : 9414255034**

गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते है – कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है।

इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।



अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं । कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

रैली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के हरदा जिले के टिमरनी में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली में भाग लेते हुए।

## प्लास्टिक प्रदूषण पर संधि करने के लिए कई देशों के प्रतिनिधि नैरोबी में एकत्रित हुए

**नैरोबी/एपी**

दुनिया के अधिकतर देशों, पेट्रोकेमिकल कंपनियों के प्रतिनिधि, पर्यावरणविद और प्रदूषण से प्रभावित अन्य लोग वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के वास्ते एक ऐतिहासिक संधि तैयार करने के प्रयास के तहत केन्या की राजधानी नैरोबी में एक मसौदे पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए। अगले साल के अंत तक बातचीत पूरी करने के इरादे से होने वाली पांच बैठकों में से यह तीसरी बैठक है। इससे पहले पेरिस और पुंटा डेल एस्टे (उरुग्वे) में पहले दो दौर की वार्ता में 'पॉवर डायनेमिक्स' और अंतरराष्ट्रीय जलवायु को लेकर चर्चा हुई थी।

प्लास्टिक, बड़े पैमाने पर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस से तैयार होता है, इस वजह से तेल उत्पादक देशों और कंपनियों के लिए यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। वैश्विक वार्ताकार आखिरी बार जून में पेरिस में मिले थे और नैरोबी में फिर से बैठक करने से पहले प्रारंभिक संधि तैयार करने पर सहमत हुए थे। यह मसौदा सितंबर की शुरुआत में प्रकाशित हुआ था। प्लास्टिक प्रदूषण पर संयुक्त राष्ट्र अंतरसरकारी वार्ता समिति पर भूमि और समुद्र में प्लास्टिक प्रदूषण पर पहली अंतरराष्ट्रीय, कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि विकसित करने का आरोप है।

इस तीसरे सत्र की मेजबानी के लिए नैरोबी एक महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि पूर्वी अफ्रीकी देश प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने में सबसे आगे है। केन्या ने 2017 में एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए, एकल-उपयोग प्लास्टिक बैग के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था तथा कानून का उल्लंघन करने वालों को जुर्माना और चार साल तक की जेल की सजा का प्रावधान लागू किया था।

अनुष्ठान



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में अपने आवास पर 'काली पूजा' के अवसर पर अनुष्ठान करती हुईं।

# जयशंकर ने दिवाली पर लंदन के स्वामी नारायण मंदिर में शांति के लिए प्रार्थना की

**लंदन/भाषा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर दिवाली के मौके पर यहां बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर गए और उन्होंने वहां दुनियाभर में बसे भारतीयों के लिए शांति, सद्भाव एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने 'डाउनिंग स्ट्रीट' में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भेंट की थी। '10 डाउनिंग स्ट्रीट' प्रधानमंत्री का आवास और कार्यालय है। जयशंकर ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना तथा 'मैत्री संबंधों को नई गति' प्रदान करना है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, दीपावली पर लंदन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर जाने का सौभाग्य मिला। (मैंने) दुनियाभर में



बसे भारतीयों के लिए शांति, सद्भाव एवं समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने दुनियाभर में बसे भारतीयों का जिक्र करते हुए कहा, अपने समुदाय के साथ संवाद कर अच्छा लगा। उनका योगदान दुनियाभर में हमारा कद बढ़ा रहा है।

बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) श्री स्वामीनारायण मंदिर ने जयशंकर को समय निकालकर रविवार के दिवाली समारोह में पहुंचने के लिए धन्यवाद दिया।

मंदिर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, हम आपके सुवचन की प्रशंसा करते हैं जिसने इस समारोह में आए श्रद्धालुओं और स्थानीय समुदाय के आंगुतकों को प्रेरित किया। ग्रेट ब्रिटेन एवं महान भारत के बीच जीवंत सेतु और मजबूत हो। इससे पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने रविवार को यहां 'डाउनिंग स्ट्रीट' में दिवाली के अवसर पर आयोजित 'चाय पार्टी' में जयशंकर और उनकी पत्नी क्योको की मेजबानी की। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आज शाम डाउनिंग स्ट्रीट में डॉ. जयशंकर का स्वागत किया। दुनियाभर में भारतीय समुदायों द्वारा दिवाली मनाने की शुरुआत करने के बीच दोनों ने शुभकामनाएं दीं।

जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, दिवाली के दिन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर प्रसन्नता हुई।

# चीन के बारे में क्या सोचते हैं प्रशांत महासागर क्षेत्र के देशों के लोग : सर्वेक्षणों में हुआ खुलासा

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com

सिडनी। चीन ने हाल के वर्षों में प्रशांत महासागर में तेजी से अपने कदम जमाए हैं क्योंकि वह अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के साथ पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रखने वाले कई देशों पर अपना प्रभाव छोड़ने और उन्हें चुनौती पेश करने के प्रयास कर रहा है।

ऐसे में सवाल उठता है कि प्रशांत महासागर के आसपास पड़ने वाले देशों के लोग क्षेत्र में चीन के हितों के विस्तार और गतिविधियों के बारे में क्या सोचते हैं। यह पता लगाने के लिए हमने दो देशों पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीपसमूह में सर्वे किए, जहां चीन ने हाल के वर्षों में अपना प्रभाव बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। दोनों देशों ने सभी के मित्र और किसी से शत्रुता नहीं की विदेश नीति अपनाई है।

पापुआ न्यू गिनी क्षेत्र में चीन का प्रमुख कूटनीतिक और व्यापार साझेदार है। प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने हाल ही में चीन की यात्रा की, जहां उन्होंने और चीन के नेताओं ने अपने प्रगाढ़ होते आर्थिक व सुरक्षा संबंधों पर चर्चा की। इस दौरान साझा मुद्रा व्यापार समझौते को लेकर भी चर्चा हुई।

इस बीच, सोलोमन द्वीपसमूह ने ताइवान को दी गई राजनयिक मान्यता सितंबर 2019 में रद्द कर दी, जिसके बाद से चीन के साथ उसके संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं। चीन ने प्रधानमंत्री एम सोगावरे की सरकार के साथ व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, मत्स्य पालन और पुलिस आदि को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए हैं।

हमारे पहले सर्वेक्षण में पापुआ न्यू गिनी में चीन के स्वामित्व वाली रामू नीको परियोजना की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारियों का आकलन उन लोगों की नजर से करने की कोशिश की गई जो फिलहाल मदांग प्रांत में रह रहे हैं या रह चुके हैं, जहां यह परियोजना है।

हमने कुल मिलाकर 100 लोगों की प्रतिक्रिया ली, जिनमें मुख्यतः डिवाइन वर्ड यूनिवर्सिटी के वर्तमान और पूर्व छात्र एवं कर्मचारी शामिल थे।

वर्ष 2019 में, निकेल खदान संचालक को गलती से प्रांत की एक खाड़ी में लगभग 200,000 लीटर जहरीला घोल छोड़ने के लिए माफी मांगनी पड़ी थी।

# पहले से ही अपने परिवार, दोस्तों को बहुत याद कर रही हूं : वाणी कपूर



**मुंबई/एजेन्सी**

एक्ट्रेस वाणी कपूर लंदन में अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग कर रही है। वह भारत में अपने माता-पिता और करीबी दोस्तों के साथ दिवाली मनाने वाले पलों को याद कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मैं इस साल लंदन में दिवाली मनाऊंगी! हर साल मैं पूजा का हिस्सा बनकर, अपने लोगों के साथ दीये जलाकर और घर में बने स्वादिष्ट खाने का लुत्फ उठाकर अपने परिवार के साथ दिवाली सेलिब्रेट करती हूं। लेकिन शूटिंग के सिलसिले में घर से दूर रहने के कारण वाणी को इस बार अपनों के साथ दिवाली मनाने की पलों को याद आएगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, ''जब भी मैंने मुंबई में त्योहार मनाया है तो मेरे दोस्तों ने इसे हमेशा मेरे लिए खास बनाया है। हालांकि इस साल मैं घर के उत्सव के उत्साह से दूर हूं और मुझे पहले से ही अपने परिवार और दोस्तों की बहुत याद आ रही है। इस साल, मैं अपनी आने वाली फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ दिवाली मनाऊंगी। मैं कुछ पारंपरिक भारतीय खाना खाऊंगी और जश्न में डूब जाऊंगी।'' वर्कफ्रंट की बात करें तो, वाणी कपूर दो अलग-अलग प्रोजेक्ट्स 'सर्वगुण संपन्न', और क्राइम थ्रिलर 'मंडला मर्डर्स' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।




# फिल्म 'देवरानी जेठानी-2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी की आने वाली फिल्म देवरानी जेठानी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निर्माता प्रदीप सिंह की आने वाली फिल्म देवरानी जेठानी 2 में लीड अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी है।इस फिल्म को अजय कुमार झा ने निर्देशित किया है।

फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह के साथ अपूर्व मेड़तिया, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह है। फिल्म देवरानी जेठानी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है।प्रदीप सिंह का कहना है कि यह तो महज ट्रेलर है, पूरी पिक्चर जब रिलीज होगी, तो दर्शकों को मनोरंजन का पूरा डोज मिलेगा।

इंटर10 टेलीविजन प्रा. लिमिटेड प्रेजेंट एव वर्ल्डवाइड फिल्म्स प्रोडक्शन प्रेजें फिल्म देवरानी जेठानी 2 अयोध्या निवास की कहानी है, जिसमें दो भाई रहते हैं और एक की शादी गांव की लड़की से होती है।

जबकि दूसरे की शादी शहर की लड़की से होती है। फिर शुरू होता है कलह और हो जाता है घर का बंटवारा। इस दौरान देवरानी और जेठानी के बीच की नोक झोंक के बीच आता है ट्विस्ट, जो फिल्म को एक रोचक मोड़ देता है। फिल्म देवरानी जेठानी 2 के संगीतकार मुन्ना दुबे हैं।

गीतकार प्यारे लाल यादव,मुन्ना दुबे एवं शेखर मधुर हैं। छायांकन मनोज सिंह ने किया है। संकलन गुर्जन्ट सिंह ने किया है। नृत्य कानू मुखर्जी का है। कला नाजिर सेख और मारधाड़ श्रवण कुमार का है। कार्यकारी निर्माता कमल यादव हैं।इस फिल्म में अंजना सिंह, संचिता बनर्जी,गौरव झा, देव सिंह, ललित उपाध्याय और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं।।

# 'सैमबहादुर' का पहला गीत बढ़ते चलो जारी

**मुंबई/एजेन्सी**

मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी विक्की कौशल की अगली फिल्म सैम बहादुर ने अपने ट्रेलर जारी होने के बाद दर्शकों को अपने साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त कर ली है। इस फिल्म के ट्रेलर इस बात का संकेत दे दिया है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रणबीर कपूर की एनिमल को जबरदस्त टक्कर देने में सफल होगी। यह भारतीय सेना अधिकारी सैम मानेकशॉ की कहानी है। इसमें भारत के पहले फील्ड मार्शल की भूमिका विक्की कौशल ने निभाई है। अब फिल्म का पहला गाना 'बढ़ते चलो' भी सामने आ गया है। इस जोशीले देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत गाने का जादू चलता दिख रहा है। यह रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। आज सोमवार (13 नवंबर) को फिल्म के मेकर्स ने यह गाना पेश कर दिया। इस ट्रैक में शंकर



महादेवन, विशाल ददलानी और दिव्या कुमार की दमदार आवाजें हैं। साथ ही इसका संगीत शंकर एहसान लॉय ने दिया है और गाने के बोल मशहूर गीतकार गुलजार के हैं। गौरतलब है कि फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा सैम मानेकशॉ की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं और फातिमा सना शेख पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल अदा करेंगी। यह रॉनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित है। फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की टक्कर रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' के साथ होगी। हालांकि रॉनी स्क्रूवाला की पिछली फिल्म तेजस, जिसमें कंगना रनौत ने मुख्य भूमिका निभाई थी, वह असफल हो गई है। इस फिल्म की असफलता ने रॉनी स्क्रूवाला को थोड़ा चिंतित कर दिया है, लेकिन कहा जा रहा है कि वे सैमबहादुर की सफलता को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं।



# 'टाइगर 3' की स्क्रीनिंग के दौरान मालेगांव के थिएटर में सलमान खान के प्रशंसकों ने चलाए पटाखे

**मुंबई/भाषा**

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मालेगांव के एक फिल्म थिएटर में 'टाइगर 3' की स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेता सलमान खान के प्रशंसकों ने पटाखे चलाए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, घटना रविवार रात को मालेगांव छावनी इलाके में स्थित मोहन सिनेमा की है। अधिकारी ने बताया कि फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान प्रशंसकों के एक समूह ने थिएटर के अंदर पटाखे चलाए, जिससे फिल्म देख रहे लोगों के बीच डर का माहौल बन गया। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस भारतीय दंड संहिता की धारा 435 (नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ से शरारत) और 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) के तहत अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्ति की पहचान का पता लगाया जाना बाकी है।

अधिकारी ने बताया कि इससे पहले दर्शकों के एक समूह ने थिएटर के बाहर हंगामा किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिसम्बर को जारी होगा 'सालार' का ट्रेलर

**मुंबई/एजेन्सी**

बाहुबली से पूरे भारत में प्रसिद्ध हुए अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सालार को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। सालार 22 दिसम्बर को पूरे भारत में प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म का शाहरुख खान की डंकी से सीधा मुकाबला है। पहले इसे सितंबर में रिलीज किया जाना था लेकिन, इसे पोस्टपोन कर दिया गया था और अब दिसंबर में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसी बीच उनके फैंस को 'सालार' के ट्रेलर का इंतजार था। दिवाली के मौके पर मेकर्स ने फैंस को तोहफा दिया और इसके ट्रेलर रिलीज की डेट का ऐलान कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर केलरश्रश ऋ्रश्री की ओर से फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया गया है, जिसमें प्रभास को एक्शन मोड में देखा जा सकता है। वो हाथ में गन लिए हुए नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करने के साथ ही फिल्म के ट्रेलर रिलीज का ऐलान किया गया है। दीवाली के मौके पर फैंस को तोहफा दिया गया है। ट्विटर हैंडल से शेयर किए गए फिल्म के पोस्टर में लिखा गया है कि 1 दिसंबर, 2023 को इसका ट्रेलर रिलीज किया जाएगा।


प्रभास की फिल्म सालार का पोस्टर मेकर्स ने शेयर करने के साथ ही लिखा, धमाकेदार सेलिब्रेशन के लिए तैयार हो जाइए। 1 दिसंबर को शाम 7.19 बजे सालार का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। आप सभी को दीवाली की ढेर सारी शुभकामनाएं। इस ऐलान के बाद फैंस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड हो गए हैं। अब मूवी के ट्रेलर के लिए लोगों की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है।

बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की फिल्म सालार शाहरुख खान की डंकी से टकराएगी। दोनों फिल्मों को



एक ही दिन यानी कि 22 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। दोनों ही फिल्मों को लेकर लोगों में काफी क्रेज देखने के लिए मिल रहा है। डंकी का टीजर पहले ही रिलीज किया जा चुका है। अब ट्रेलर का इंतजार है। सालार और डंकी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त एक्साइमेंट है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बाजी मारती है। बहरहाल, इसके अलावा प्रभास की फिल्मों की बात की जाए तो एक्टर को आखिरी बार फिल्म आदिपुरुष में देखा गया था। इसके जरिए उन्हें एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था। फिल्म को दर्शकों से नेगेटिव रिस्पांस मिला था और ये बॉक्स ऑफिस पर भी डिजास्टर रही थी। ऐसे में अब लोगों को सालार का इंतजार है।

# गायक सुरेश वाडकर को 'लता मंगेशकर पुरस्कार' देगी महाराष्ट्र सरकार



**मुंबई/एजेन्सी**

महाराष्ट्र सरकार ने अनुभवी पार्श्व गायक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुरेश ईश्वर वाडकर को 2023 के अपने प्रतिष्ठित 'गानसम्राज्ञी लता मंगेशकर पुरस्कार' के लिए चुना है। सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुंगंतीवार ने शनिवार को यहां घोषणा की।एक अधिकारी ने कहा कि संगीत नाटक अकादमी (2018) के विजेता 68 वर्षीय वाडकर को बाद में एक समारोह में पुरस्कार के हिस्से के रूप में नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा।कोल्हापुर के एक साधारण परिवार से आने वाले, वाडकर अपने युवा दिनों में एक पहलवान थे और फिर 1976 में एक गायन प्रतियोगिता जीतने से पहले मुंबई में एक संगीत शिक्षक के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें 1977 में दिवंगत संगीत निर्देशक रवींद्र जैन के साथ पार्श्व गायन का पहला मौका मिला।उनके शुरुआती हिट नंबर थे सोना करे झिलमिल झिलमिल (फिल्म 'पहेली'), सीने में जलन ('गमन'), जिसने लता मंगेशकर का ध्यान खींचा और उन्होंने उस समय के अन्य शीर्ष संगीतकारों से उनकी सिफारिश की।इन वर्षों में, वाडकर ने शीर्ष हिंदी और मराठी निर्देशकों के लिए 'क्रोधी', 'हम पांच', 'प्यासा सावन', 'प्रेम रोग', 'मेंहदी', 'प्रेम ग्रंथ', 'राम तेरी गंगा मैली', 'परिंदा', और 'सदमा' सहित अन्य फिल्मों के लिए यादगार हिट गाने गाए।अगली पीढ़ी को संगीत सिखाने के अलावा, उन्होंने कई भारतीय भाषाओं और विभिन्न शैलियों में गाने गाए।

मुंगंतीवार ने विभिन्न श्रेणियों में अन्य प्रमुख पुरस्कार विजेताओं की भी घोषणा की, जिनमें पंडित उल्हास कशालकर, पंडित शशिकांत एस. मुलये, सुहासिनी देशपांडे, अशोक समेल, नैना आप्टे-जोशी, पंडित मकरंद कुंडले और अन्य कलाकार शामिल हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि लक्ष्मी चंचल है, रोकने से रुकती नहीं, मनाने से मानती नहीं और फेंकने से जाती नहीं। शुभ कर्मों से सिंचित लक्ष्मी का सदुपयोग करता है वही लक्ष्मी का निवास होता है।

## भोजन सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु के जोन चेयरमैन सुशील तलेसरा, रीजन 10 के उपचेयरमैन ओमप्रकाश भाटिया, विदिशा मध्यप्रदेश के चेयरमैन सीएल गोयल, कोषाध्यक्ष सुरेश लखानी, सहकोषाध्यक्ष आशीष बाफना, अध्यक्ष भारती तलेसरा की उपस्थिति में नरेंदर मुकेश पोरवाड़ परिवार का सौजन्य से सिटी मार्केट के पास 350 व्यक्तियों को अन्नदान कार्यक्रम में भोजन कराया।

## मानवसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के राजस्थान संघ कर्नाटक ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा दीपावली एवं अमावस्या के उपलक्ष्य में नीति वस्त्र भंडार योजना के अंतर्गत पहनने योग्य पुराने वस्त्र होसूर रोड स्थित निम्हांस आश्रम महिला-बाल कल्याण संघ एवं राजकीय बालिका कल्याण केन्द्र में निवासितों को करीबन 557 जोडी वस्त्र एवं मिठाई वितरण की गई। इस कार्य मे चेयरमैन अशोक चोपड़ा, अध्यक्ष कैलाश संखलेचा, मोक्ष वाहिनी को-चेयरमैन जिनेश मेहता, महेंद्र दांतेवाडिया, पूर्व पार्षद कविता पोरवाल, आनंद राव आदि ने अपना सहयोग दिया।

## गौसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



दीपावली व अमावस्या के अवसर पर बेंगलूरु के बीकानेर जैन परिषद के साथियों ने कोरमंगला स्थित अखिल कर्नाटक गौ सेवा संघ द्वारा संचालित गौशाला में गायों के लिए चारा उपलब्ध कराया। इस अवसर पर नवरतन बैद, आलोक गंग, सुमित बढ़ेर, कमलेश चोपड़ा, श्रेयांस गोलछा, विकास बांठिया ने सेवाएं प्रदान की।



# तीर्थंकर की आत्मा है इस संसार में सबसे पुण्यशाली आत्मा : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी के सान्निध्य में उत्तराध्ययन सूत्र का संगाहन चल रहा है। उत्तराध्ययन सूत्र का छत्तीसवां अध्ययन है जीवाजीवविभक्ती। नव तत्व में पहले दो तत्व है जीव और अजीव। जीव और अजीव का भेद ज्ञान करके विशुद्ध संयम के बिना केवल ज्ञान का दिव्य आलोक जगमगा नहीं सकता। अगर व्यक्ति नवतत्व को जानता है समझता है तो वह सिद्ध बुद्ध और मुक्त होने की योग्यता रखता है और अपने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

आज का दिन अमावस्या का दिन है। भगवान महावीरस्वामी का निर्वाण कल्याण का दिवस है। इस संसार में सबसे उत्कृष्ट पुण्यशाली अगर कोई जीव है तो वह है तीर्थंकर की आत्मा। हम सौभाग्यशाली है कि हमें प्रभु परमात्मा के मुखारविंद से बोली वाणी को सुनने का शुभ अवसर मिला, प्रभु परमात्मा का शासन हमने मिला। इससे पूर्व साध्वी अनुज्ञाश्रीजी तथा सर्वज्ञाश्रीजी ने मूल उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय करवाया। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास कार्यक्रम संबंधी सूचनाएं दी। मंगलवार को गौतम प्रतिपदा के दिन नववर्ष का मांगलिक गुरुवर्या के मुखारविंद से होगा। साध्वी मल्लीश्रीजी व ऋषिताश्रीजी के तेला तप एवं गुरुवर्या डॉ प्रतिभाश्रीजी के निर्जल चौविहार तेला तप की आराधना चल रही है। स्वाध्याय के लाभार्थी महावीरचंद श्रीपालकुमार सुदर्शनकुमार मेहता परिवार थे। सहमंत्री विनोद भूरट ने संघ की सूचनाएं प्रदान की।



# शुभ कर्मों से सिंचित लक्ष्मी के सदुपयोग से आती है लक्ष्मी : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि लक्ष्मी चंचल है, रोकने से रुकती नहीं, मनाने से मानती नहीं और फेंकने से जाती नहीं। शुभ कर्मों से सिंचित लक्ष्मी का सदुपयोग करता है वही लक्ष्मी का निवास होता है। जिस घर में परस्पर प्रेम और सद्भाव का पुष्प खिलता है वहीं पर लक्ष्मी का निवास होता है। पारिवारिक शांति सबसे बड़ी लक्ष्मी है। शुभ कार्यों में लक्ष्मी का उपयोग परमार्थ और प्राणी मात्र की सेवा करने पर अनंत गुना ज्यादा वृद्धि होती है और लक्ष्मी फलती फूलती है। हमारे हाथों से दिया गया दान ही आत्मा की असली पूंजी है जो अगले जन्म में भी साथ चलती है। यहां धरती पर आंखें खोलते ही संपत्ति के मालिक पुण्य से बनते है

साध्वी शीतल गुणाश्रीजी ने कहा कि इस दीपावली के पावन अवसर पर आप सभी को प्रभु श्री महावीर जैसी शक्ति के साथ क्षमा, गुरु श्री गौतम जैसी लब्धि के साथ विनय, राजा श्रेणिक जैसे साम्राज्य के साथ प्रभुभक्ति, अभयकुमार जैसी बुद्धि के साथ निर्मलता, बाहुबली जैसे बल के साथ विवेक, धन्ना शालीभद्र जैसी ऋद्धि के साथ त्याग, श्री आनंदघनजी जैसी सिद्धि के साथ अध्यात्म योग, राजा कुमारपाल जैसे राजशासन के साथ गुरुभक्ति, विजय सेठ-विजया सेठाणी जैसा ब्रह्मचर्य, वज्रकुमार जैसा स्वाध्याय, कायवन्ना सेठ जैसा सौभाग्य, पुणिया श्रावक जैसी समता, केसरियाजी जैसा भण्डार, जगडुशाह जैसा दान, गुरुश्री राजेन्द्र जैसी आत्मशक्ति, शासननिष्ठा एवं मधुरता प्राप्त हो। नेमीचंद वेदमुथा ने बताया कि मंगलवार को सुबह 6 बजे साध्वी भव्यगुणा श्री के मुखारविंद से गौतमरास वांचन एवं मांगलिक होगा। इस मौके पर ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष मेघराज भंसाली, मांगीलाल वेदमुथा, नेमीचंद वेदमुथा, तिलोकचंद भंडारी, दिलीपकुमार कांकरिया, चंपालाल बंदामुथा,बाबूलाल सवाणीआदि उपस्थित रहे।

# महावीर भगवान के मोक्ष का उत्सव है दीपावली : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि दीपावली का नाम सुनते ही लोगों का उल्लास उमंग प्रगट होता है और हृदय में उल्लास प्रगट होना भी चाहिए्। जब प्रकाश हो तो उल्लास होता ही है। अमावस्या के दिन करीब करीब दीपावली होती है यह इस बात का घोतक है कि अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी यात्रा है। दीपावली के दिन ही प्रभु महावीर का निर्वाण दिवस पर भी है। हमें उनके जीवन से शिक्षा लेते हुए अपने जीवन में उनके उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए ताकि हमारा जीवन का कल्याण हो सके। मोक्ष मार्ग में वही चलता है कि जिसकी संसार का बंधन अखरता है। जिसे बंधन सुहाता है वो मोक्ष की बात भी नहीं करता। महावीर भगवान के मोक्ष का उत्सव है दीपावली। वर्धमान से महावीर बनने के यश का उत्सव है दीपावली। एक सामान्य व्यक्ति से महावीर स्वामी बनने का विश्वास है दीपावली। वह उत्सव जिसकी सिद्धि का दिन बताता है कि इन्सान कोई भी हो मोक्ष ससारिक मोह -माया को त्यागने से ही मिलता है। सोमवार को कर्नाटक विधानसभा के उपाध्यक्ष रुद्रपा लमाणी ने आचार्यश्री ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

## अन्नदान


दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ब्रह्मलीन संत माधवदास महाराज की स्मृति में गठित माधव सेवा समिति बेंगलूरु द्वारा सोमवार को शहर के बल्लेपेट सर्कल पर सोमवती अमावस्या के मौके पर अन्नदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने अन्नदान में सहयोग किया।

# ‘भगवान महावीर की अन्तिम देशना हम सभी जीवों के लिए अमृत तुल्य है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ राजाजीनगर में विराजित पंन्यासश्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचन्द्रविजयजी, बालमुनिश्री भक्तिदर्शनविजयजी ने कहा कि भगवान महावीर की अन्तिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र भगवान महावीर स्वामी की अन्तिम देशना थी। इसका महत्त्व वैसे भी अत्यधिक हो जाता है क्योंकि परिवार में भी प्रायः देखा जाता है कि पुत्र अपने पिता द्वारा दी गई अन्तिम शिक्षा का पालन करने का विशेष खयाल रखता है। इसी तरह भगवान महावीर द्वारा यह अन्तिम देशना हम सभी जीवों के लिए अमृत तुल्य है। इस आगमसूत्र में चारों ही प्रकार के अनुयोगों का सुन्दर संगम है। भगवानश्री महावीर ने अन्तिम देशना के अन्तर्गत अपने शासन में होने वाले नुकशासी को भी बताया था उसी का जिक्र करते हुए बालमुनिजी ने कहा कि कुछ लोग अच्छे कुल में जन्म पाने के बाद भी उन्हें अच्छी सोबत संगत, सदुपदेश न मिलने से एवं कुसंस्कारों के कारण वे अधर्म के मार्ग पर चले जायेंगे। पूर्वकाल में स्थिति यह थी कि वे लोग मानते थे कि हम धर्मतीर्थ के लिए हैं इसलिए इस जिनशासनरूप तीर्थ के लिए जान भी देनी पड़ जाय तो उसकी भी परवाह नहीं करते थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**खुशियां सबके लिए**

बेंगलूरु के राजस्थान परिषद् के अध्यक्ष ललित सेठिया, सहमंत्री राजेश भंसाली, संगठन मंत्री राजेश छाजेड़, सेवा संयोजक दीपक गोठी आदि ने दीपावली के अवसर पर केंगेरी स्थित गुरु विद्यापीठ में निराश्रित बच्चों के लिए सेवा कार्य किया तथा बच्चों को भोजन कराया। इस मौके पर सदस्यों ने निराश्रितों के सात समय बिताते हुए आतिशबाज़ी का कार्यक्रम रखा गया।



# निर्वाण संस्कृति के पुरोधा थे भगवान महावीर : मुनि दीपकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थित तेरापंथ भवन में मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण कल्याणक दिवस का आयोजन किया गया। मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि भगवान महावीर ने जन्म लिया, साधना की और निर्वाण प्राप्त किया। इन तीन वाक्यों में उनका समग्र जीवन का विवरण समाहित है। उनका जन्म निर्वाण के लिए हुआ था। उनका दर्शन निर्वाण प्राप्ति के उपायों से भरा हुआ था। निर्वाण संस्कृति में आस्था रखने वाले महापुरुषों में वे पुरोधा थे। मुनिश्री ने आगे कहा कि भगवान महावीर ने शान्ति, समता, और अनेकान्त का मार्ग बताया। उनका दर्शन केवल व्यक्ति के लिए ही नहीं, समाज के लिए भी है। मुनिश्री ने मंत्र-जप का प्रयोग भी कराया एवं 2550 वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में आचार्य श्री महाश्रमणजी द्वारा निर्धारित श्रद्धा उपहार की भी जानकारी दी। मुनिश्री काव्य कुमारजी ने गीत का संगान किया।

# अमावस्या महाप्रसादी में लाभान्वित हुए हजारों जरुरतमंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु के मैसूर बैंक सर्कल स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक द्वारा आयोजित 66वीं अमावस्या महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें लगभग 4000 से भी अधिक जरुरतमंदों को भोजन वितरण किया गया।

इस महाप्रसादी में सेवा देने वाले समिति के अध्यक्ष गौतमचंद धारीवाल, किरण बोहरा, उगमराज चौपड़ा, आशीष बाफना, रमेश चौपड़ा, अशोक कोठारी, विनोद गोलेच्छा, धर्मीचंद बोहरा, महेंद्र कातरेला, अजितकुमार धोका सहित आदि उपस्थित थे।

# साम्प्रदायिकता का नारा लगाने वाले लोग मुल्क के ‘दुश्मन’ हैं : मदनी

देवबंद (उप्र)/भाषा। जमीयत उलमा ए हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने साम्प्रदायिकता की पैरोकारी करने वालों को देश का ’दुश्मन’ करार देते हुए सोमवार को कहा कि मुल्क सिर्फ भाईचारे और मोहब्बत से ही जिंदा रहेगा, वरना आज नहीं तो कल यह बर्बाद हो जाएगा।

मौलाना मदनी ने जमीयत के मजलिस-ए-मुंतजिमा (साधारण सभा) के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि साम्प्रदायिकता आज किसी एक देश की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की समस्या बन गई है। उन्होंने कहा, आज के हालात में फिरकापरस्त जहनियत के लोग जो नारे लगा रहे हैं, ऐसा करने वालों को हम अपने मुल्क का दुश्मन समझते हैं। मुल्क अगर जिंदा रहेगा तो वह भाईचारे के साथ ही जिंदा रहेगा, वरना आज नहीं तो कल यह मुल्क बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा, आज की सूरतेहाल में अगर कोई गाड़ी दूसरी से गाड़ी से जरा सी टकरा जाती है तो कत्ल हो जाते हैं। दुश्मनी इस दर्जे तक बढ़ जाना बहुत बुरा है। यह इंसानियत की तस्वीर नहीं है। पहले तो मुल्क में यह माहौल नहीं था।

# जयशंकर ने टोनी ब्लेयर से मुलाकात की

लंदन/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यहां ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर से मुलाकात की और पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका की स्थिति सहित विभिन्न द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों के कई पहलुओं की समीक्षा करने और मैत्रीपूर्ण संबंधों पर नए सिरे से जोर देने के लक्ष्य के साथ ब्रिटेन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

जयशंकर ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लयेर से मिलकर अच्छा लगा। हमने द्विपक्षीय संबंधों,पश्चिम एशिया और अफ्रीका में स्थिति पर चर्चा की।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com